mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-183 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
03 जुलाई 2024 बुधवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



रोहित शर्मा के ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

- 7 दिन में जवाब मांगा, शराब नीति केस में 3 दिन रिमांड में रखा था



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार (2 जुलाई) को सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। केजरीवाल की ओर से सोमवार (1 जुलाई) को याचिका दाखिल की गई थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं।

### नीट पीजी एग्जाम 2024 पर बड़ा फैसला!

- परीक्षा से कुछ घंटे पहले तैयार होगा क्वेश्चन पेपर

नईदिल्ली (एजेंसी)। नीट पीजी परीक्षा 2024 पर बड़ा फैसला आया है। गृह मंत्रालय की बैठक



में ये निर्णय लिया गया है कि नीट पीजी परीक्षा का क्वेश्चन पेपर नीट पीजी परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही तैयार किया जाएगा। नीट पीजी एग्जाम डेट 2024 की घोषणा भी जल्द होने वाली है।

पुलिस का दावा-

### सलमान की सुपारी दी गई थी,25 लाख में डील हुई थी

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25



लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने अब इस मामले में गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा इन्होंने जिगाना पिस्तौल भी मंगवाने की कोशिश की, जिससे पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गई थी।

सत्संग में भगदड़

- कई घायल

यूपी के हाथरस सत्संग में दिल दहलाने वाला हादसा


# 100 से ज्यादा की मौत

- आयोजकों पर एफआईआर दर्ज कराएगी योगी सरकार
- राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू,पीएम, राजनाथ सिंह,राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने जताया गहरा दुख
- शवों को देख हार्टअटैक से पुलिसवाले की मौत
- सीएम योगी आदित्यनाथ ने गठित की जांच के लिए कमेटी



लखनऊ/ हाथरस (एजेंसी)। यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। पीएम मोदी ने लोकसभा में अपने भाषण रोककर गहरा दुख जताया। वहीं राहुल गांधी,सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राजनाथ सिंह, अमित शाह समेत कई मंत्रियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।





**अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े थे-** हादसे के बाद हालात भयावह है। अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े हैं। वहीं, एटा के सीएमओ उमेश त्रिपाठी ने बताया- हाथरस से अब तक 27 शव एटा लाए गए। इनमें 25 महिलाएं और 2 पुरुष हैं। सत्संग में 20 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी।

हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। एक साथ इतनी संख्या में घायल पहुंचे कि अस्पताल के बाहर लोगों को जमीन पर ही लिटाकर इलाज शुरू किया गया।

### डीएम ने कहा

**एसडीएम ने कार्यक्रम की अनुमति दी थी-** डीएम ने बताया कि एसडीएम ने कार्यक्रम की अनुमति दी थी। यह एक प्राइवेट कार्यक्रम था। अभी मृतकों का पूरा आंकड़ा पता नहीं चला है। 50 से 60 के करीब मृतक संख्या बताई जा रही है।

### लाशों को देखकर सिपाही को आया हार्टअटैक

एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही रजनेश (30) को हार्ट अटैक आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था।

### आज हाथरस जाएंगे योगी


**स्थानीय प्रशासन से हैं नाराज,मृतक के परिवार को 2-2 लाख की मदद राशि-** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को हाथरस जाएंगे। बताया जा रहा है कि वह स्थानीय प्रशासन से खुश नहीं हैं। हादसे के बाद उन्होंने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को तत्काल हाथरस भेजा था।



योगी के बाद मोदी ने भी किया मुआवजे का ऐलान, मृतक के परिवार को 2-2 लाख की मदद राशि का ऐलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथरस में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### पीएम ने लोकसभा में जताया दुख

लोकसभा में भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हादसे की सूचना पहुंची तो उन्होंने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ में कई लोगों के मरने की खबर है। मैं इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं इस सदन के माध्यम से सभी को आश्वस्त करता हूं कि पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी।



चारों तरफ लाश...

### रोते-बिलखते परिजन

सिकंदराऊ सीएचसी के बाहर चारों तरफ लाशें बिखरी हुई हैं। बीच में रोते-बिलखते परिजन हैं। हालात इतने भयावह थे किसी को कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। लाशों को चादर तक ओढ़ाने की व्यवस्था नहीं थी। परिजन पहले लाशों के बीच अपनों को खोजते रहे, जब नहीं मिले तो वहीं बैठकर रोने लगे।

अखिलेश बोले-

### भाजपा की अयोध्या हार, भगवान राम का फैसला

नईदिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 28 मिनट तक बोला। उनका बयान यूपी पर केंद्रित रहा। सपा प्रमुख ने अयोध्या और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- यूपी के साथ भेदभाव हुआ। जिसका खामियाजा जनता भुगत रही। यूपी सरकार पेपर लीक करा रही, जिससे उसे नौकरी न देनी पड़े, लेकिन आवाम ने हुकूमत का गुरूर तोड़ दिया। अखिलेश ने कहा- देश में पहली बार हारी हुई सरकार विराजमान है। ये चलने वाली नहीं, गिरने वाली है। मनमर्जी नहीं, जनमर्जी चलेगी। यह भगवान राम का फैसला है। जो कहते थे उन्हें लाए हैं, उन्हें ही हरा दिया।सपा प्रमुख ने अयोध्या में रामपथ धंसने और श्रीराम स्टेशन की दीवार गिरने पर तंज कसते हुए कहा- यूपी की मुख्य नगरी में अब तो नाव चल रही है। स्टेशन की दीवार बेईमानी की निशानी बन गई है।



### यूपी पीसीएस-जे मेंस में बदली गई 50 कॉपियां

- कोडिंग में भी हेरफेर, समीक्षा अधिकारी समेत 5 दोषी, 3 सस्पेंड



प्रयागराज (एजेंसी)। यूपी पीसीएस-जे मेंस -2022 की एक नहीं 50 कॉपियां बदली गई थीं। कॉपियों के कोडिंग में भी हेरफेर हुआ था। एक अभ्यर्थी के हाईकोर्ट पहुंचने के बाद हुई जांच में खुलासा हुआ। यूपी लोकसेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी समेत 5 अधिकारियों को दोषी करार देते हुए 3 को सस्पेंड कर दिया है। पर्यवेक्षणीय अधिकारी उपसचिव सतीश चंद्र मिश्र के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई, जबकि एक रिटायर्ड महिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन से परमिशन मांगी गई है।

मोदी के भाषण के दौरान विपक्ष का जमकर हंगामा

# हमने जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा: पीएम मोदी

### मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। पीएम के संसद पहुंचने पर एनडीए के सांसदों ने मोदी-मोदी के नारों से उनका स्वागत किया।



जैसे ही मोदी ने स्पीच शुरू की। विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। कहा- तानाशाही नहीं चलेगी। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ये ठीक नहीं है। विपक्ष लगातार 'मणिपुर-मणिपुर' और 'न्याय दो-न्याय दो' के नारे लगा रहा है। पीएम ने कहा- हमने दुनिया को दिखा दिया कि ये विश्व का सबसे बड़ा चुनावी अभियान था। देश की जनता ने दुनिया के सबसे बड़े चुनावी अभियान ने हमें चुना है। मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं कि लगातार झूठ चलाने के बावजूद उनकी घोर पराजय हुई।

**विकसित भारत यानी कोटि-कोटि नागरिकों के अवसर उपलब्ध होते** - मोदी ने कहा, इस चुनाव में हम जनता के बीच एक बड़े संकल्प के साथ आशीर्वाद मांगने गए थे। हमने आशीर्वाद मांगा था- विकसित भारत के संकल्प और निर्माण के लिए। हमने जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा था। लोगों ने हमें फिर से विजयी बनाकर सेवा करने का मौका दिया। उन्होंने कहा, जब देश विकसित होता है, तब देश के कोटि-कोटि लोगों के सपने पूरे होते हैं, तब आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव तैयार हो जाती है।

**देश ने लंबे अर्से तक तुष्टीकरण की राजनीति देखी-** मोदी ने कहा, सर्वधर्म सम्भाव को कायम रखते हुए हमने काम करने का प्रयास किया है। देश ने लंबे अर्से तक तुष्टीकरण की राजनीति देखी, तुष्टीकरण का मॉडल भी देखा। हमने तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टिकरण को लेकर चले।

### राज्यसभा में नेता विपक्ष खड़गे और सभापति धनखड़ के बीच जमकर बहस

नईदिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मुझे बनाने वाली सोनिया गांधी हैं। न रमेश बना सकता है, न आप बना सकते हैं, जनता ने मुझे बनाया।इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- मैं



उस स्तर पर नहीं आना चाहता। आपको किसने बनाया, ये आप जाने। कितने मौके आए जब आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लगा, मैंने आपकी प्रतिष्ठा को बचाया।आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। आप हर बार चेयर का अनादर नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना यह समझे कि मैं क्या कह रहा हूं, कुछ भी बोल देते हैं।

- भाषण के हिस्से हटाने पर राहुल की स्पीकर को चिट्ठी,बोले-

### मेरे भाषण में कुछ गलत नहीं, मोदी जी की दुनिया में सच मिटाया जा सकता है

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा के अपने भाषण के 5 से ज्यादा हिस्से सदन की कार्यवाही से हटाने को लेकर मंगलवार को स्पीकर को चिट्ठी लिखी।



राहुल ने 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा, अल्पसंख्यक, नीट विवाद और अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। 2 जुलाई को लोकसभा स्पीकर के आदेश पर राहुल के बयान से इन सभी अंशों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। इनमें हिंदुओं, नीट एग्जाम, पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा और आरएसएस पर किए गए कमेंट्स भी शामिल थे। मंगलवार को संसद पहुंचने पर जब राहुल गांधी को यह बताया गया तो उन्होंने कहा- मोदी जी की दुनिया में सच्चाई मिटाई जा सकती है, हकीकत में सच को नहीं मिटाया जा सकता। बाद में उन्होंने लोकसभा स्पीकर को चिट्?ठी लिखी। जिसमें उन्होंने बयान के अंश हटाना संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। साथ ही इन्हें री-स्टोर किए जाने की मांग की।राहुल गांधी ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के भाषण का हवाला दिया। उन्होंने लिखा कि उनका बयान आरोपों से भरा था, लेकिन हैरानी की बात है कि उसमें से केवल एक शब्द हटाया गया।

# मानसून पूरे भारत में समय से 6 दिन पहले पहुंचा

### महाराष्ट्र में दो युवक डैम में डूबे; तीन दिन में 8 लोगों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार (2 जुलाई) को पूरे देश में पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसने तय समय से छह दिन पहले सभी राज्यों को कवर कर लिया है। आमतौर पर यह 8 जुलाई को पूरे भारत को कवर करता है।


आईएमडी ने सोमवार (1 जुलाई) को बताया था कि देश में इस साल जुलाई में 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है। भारी बारिश से पश्चिमी हिमालयी राज्यों (जम्मू-



कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड) और देश के मध्य भागों (मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़) में नदी घाटियों में बाढ़ आने की संभावना है।

इस साल जून में 10.9 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज हुई है। सामान्य रूप से 165.3 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन 30 जून तक केवल 147.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। 8 से 26 जून के बीच लगातार सामान्य से कम बारिश हुई।खासतौर पर 10 से 18 जून के बीच बारिश में भारी कमी रही। 19 जून से बारिश में सुधार आया। आखिरी चार दिन देश में भारी बारिश हुई, जिसके चलते 26 जून को बारिश में जो 20त्न की कमी थी, 30 जून को वह केवल 10.9 प्रतिशत रह गई।

# चलती मालगाड़ी से कंटेनर गिरे



- 3 किमी रेलवे ट्रैक टूटा,14 ट्रेनें रद्द, 38 डायवर्ट

### 11 घंटे बाद अंबाला-दिल्ली रेल लाइन बहाल

करनाल (एजेंसी)। हरियाणा के करनाल में मंगलवार सुबह तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी से करीब 8 कंटेनर गिर गए। कंटेनर गिरने की वजह से बिजली लाइन और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा। जिसके बाद रेलवे ने दिल्ली से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेनों की आवाजाही रोक दी।

इस रूट पर 14 पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कर दी गई। वहीं 38 ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया। इस रूट पर रोजाना 60 से 70 रेल गाड़ियां अप-डाउन करती हैं। जो प्रभावित हुई हैं। शुरूआती जांच के बाद बताया गया कि मालगाड़ी का ऐक्सल टूट गया था, जिससे लगे झटके के बाद मालगाड़ी से कंटेनर जा गिरे। वहीं मालगाड़ी के पिछले पहिए डीरेल होने की भी सूचना है। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत एल.टी.टी. सर्जन को प्रदाय किया गया आधुनिक लैप्रोस्कोप



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के विभिन्न जिलों रायसेन, राजगढ़, अशोकनगर, आगर-मालवा, सतना, रतलाम, डिडौरी, खरगौन, पन्ना, रीवा, ग्वालियर, भोपाल एवं इंदौर के एल.टी.टी. सर्जन को आधुनिक एवं उपयोग में आसान लैप्रोस्कोप प्रदान किये गये। इन आधुनिक लैप्रोस्कोप से महिला नसबंदी में आने वाली जटिलता पर प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण किया जाना संभव होगा। नये सर्जन भी इन लैप्रोस्कोप का उपयोग भलीभांति कर सकेंगे। आधुनिक लेप्रोस्कॉपी उपकरण से सर्जरी में कम समय लगता है साथ ही सर्जरी उपरांत हितग्राही की रिकवरी भी जल्दी होती है।

### युवाओं को रोजगार से जोड़ने के जतन करेगी सिंधी मेला समिति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सिंधी मेला समिति द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समिति ने इस मकसद से प्लेसमेंट सेल का गठन किया है। इसी सिलसिले में समिति द्वारा स्वागत गार्डन में सोमवार को एक शाम मेला समिति के सदस्यों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि सिंधी मेला समिति पिछले 27 वर्षों से प्रतिभा सम्मान, कुकिंग कम्पटीशन, यूथ फेस्टिवल (सिंधी मेला) सांस्कृतिक गरबा महोत्सव, पारिवारिक पिकनिक, पतंग महोत्सव, टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। आयोजन की इसी कड़ी में समिति द्वारा सिंधी युवाओ को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एसएमएस प्लेसमेंट सेल का भी शुभारंभ किया गया। इच्छुक युवा अपनी योग्यता अनुसार इस प्लेसमेंट सेल में अपना पंजीयन कराते हुए अपने कैरियर की शुरुआत कर सकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक व सिंधी मेला समिति के संरक्षक भगवानदास सबनानी भी उपस्थित रहे।

### स्मार्टचिप कंपनी के कर्मी रूठे, परिवहन कार्यालय में पसरा सन्नाटा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ)में सोमवार को स्मार्टचिप कंपनी के कर्मचारियों ने काम नहीं किया। इससे ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के पंजीयन कार्ड आदि प्रिंट नहीं हो सके। नतीजतन, यहां आए



लोगों का बिना कार्ड लिए निराश होकर वापस लौटना पड़ा। दरअसल परिवहन विभाग के साथ स्मार्ट कार्ड प्रिंट करने का काम देख रही स्मार्टचिप कंपनी का 30 जून को टेंडर खत्म हो गया था। एक जुलाई सोमवार को परिवहन मुख्यालय ग्वालियर से टेंडर का नवीनीकरण नहीं किया गया। इससे स्मार्टचिप कंपनी के कर्मचारियों ने काम नहीं किया। इस वजह से आवेदकों को परेशानी हुई। सोमवार को सुबह 10 बजे से आरटीओ में लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन काम कराने के लिए आवेदकों को आने का शुरू हो गया था। आवेदक पहुंचे तो परमानेंट ड्राइविंग, पंजीयन शाखा में स्मार्टचिप के कर्मचारी बैठे नहीं मिले। कुछ कमरों में ताला लटका मिला। जब लोगों ने पूछताछ तो आरटीओ कर्मचारियों ने कहा कि स्मार्टचिप कंपनी के कर्मचारी काम नहीं करेंगे, इसलिए बाद में आएं। इससे निराश होकर आवेदकों को वापस बिना काम कराए ही लौटना पड़ा। बता दें कि भोपाल आरटीओ में हर दिन के 250 परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस, लर्निंग के 100, रजिस्ट्रेशन कार्ड 150 से अधिक आवेदक पहुंचते हैं। इस संबंध में उप परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने बताया कि कंपनी के टेंडर नवीनीकरण करने करने का काम प्रक्रिया में है।

# सुनने वाले और सुनाने वाले का सामंजस्य हो तो न्याय मिलना आसान होगा - मंत्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सहकारिता एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा है कि यदि सुनने वाले और सुनाने वाले व्यक्तियों के बीच समन्वय हो जाये तो लोगों को न्याय मिलना आसान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकार एवं कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पूरी ईमानदारी से कर्तव्यों का निवर्हन करने के प्रयास होना चाहिये। श्री सारंग आज यहां अपेक्स बैंक समन्वय भवन, भोपाल में म.प्र.राज्य सहकारी अधिकरण, भोपाल के रजत जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकार से समृद्धि के नारे को सफल बनाने की जवाबदारी केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी को सौंपकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं श्री सारंग ने कहा कि जिस प्रकार से सहकारिता का सबसे सुंदर उदाहरण हमारा परिवार है। मुखिया आजीविका अर्जित करता है।




अन्य सदस्य परिवार की गतिविधियों का संचालन करते हैं।


सहकारी अधिकरण के अध्यक्ष श्री चन्द्रेश खरे एवं सदस्य श्री अरूण माथुर ने अध्यक्ष, सदस्य सचिव, अधिवक्तागण एवं कार्यालयीन लोगों की सराहना की। महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह ने कहा कि सहकारी अधिकरण का रजत जयंती में प्रवेश ऐतिहासिक अवसर है। केन्द्र सरकार द्वारा अंग्रेजों के जमाने के बनाये गये कानूनों को परिवर्तित कर देश के नागरिकों को बेहतर सुरक्षा एवं अतिशीघ्र न्याय दिलाने के प्रयास किये हैं। सहकारिता भारतीय संस्कृति में रची बसी है।

भारत में वायु, जल, जमीन एवं जंगल व नदियों को सनातन काल से पूजा की जाती रही है। यही वजह है कि हजारों वर्ष पूर्व भी भारत में विश्व भर के लोग यहाँ अध्ययन करने आया करते थे। श्री सिंह ने कहा कि भारत में मल्टी स्टेट को-आपरेटिव्ह एक्ट विगत वर्ष लागू हुआ है। मध्य प्रदेश की सरकार प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष, सशस्त्र बल, नई दिल्ली श्री राजेन्द्र मेनन ने कहा कि देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में ही वर्ष 1904 में सहकारिता की अवधारणा की उत्पत्ति हुई थी। 1957 में मध्यप्रदेश में सबसे पहली कॉ आपरेटिव्ह सोसायटी इंडियन कॉफी हाउस वर्क्स फेडरेशन बनी थी, जिसका आज टर्नओवर लगभग रूपये 600 करोड़ तक पहुँच गया है।

## 51वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 3 जुलाई से

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जनजातीय संग्रहालय, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये उन्हें मंच उपलब्ध कराने के लिये एक सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा् में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है।

इसी क्रम में बुधवार, 3 जुलाई से भील समुदाय की चित्रकार सुश्री शिवाबाई भाबोर के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया जा रहा है। 51वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 3 से 30 जुलाई, 2024 (मंगलवार से रविवार) तक संचालित रहेगी। भीली चित्रकार शिवाबाई भाबोर का जन्म मध्यप्रदेश के जनताजीय बहुल झाबुआ जिले के एक छोटे से गाँव झेर (तहसील-कल्याणपुर) में हुआ था। उन्होंने अपनी चित्रकारी से जनजातीय संस्कृति के विभिन्न पक्षों को उकेरने का सराहनीय प्रयास किया है।




## टीबी निदान सेवाओं के विस्तारीकण के लिए आईओसीएल के साथ एमओयू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं इंडियन ऑईल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री विवेक कुमार पोरवाल एवं आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक श्री दीपक कुमार बसु ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। आईओसीएल द्वारा मध्यप्रदेश में टीबी निदान सेवाओं में विस्तार करने के उद्देश्य से 100 ट्रूनॉट मशीन एवं 52 हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन प्रदान की जाएगी। इन मशीनों से टीबी निदान सेवाओं



का विस्तारीकण होगा और टी.बी. उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायता होगी। एनटीईपी-एनएचएम और आईओसीएल एक संयुक्त रणनीति के तहत टीबी संबंधित सेवाओं में वृद्धि के लिए कार्य करेंगे।

# एम पी ट्रांसको का पौधरोपण अभियान



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार ऊर्जा विभाग स्त्रकी बिजली कंपनियों में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के विभिन्न सब स्टेशनों और रहवासी कालोनियों में वृहद पौधरोपण किया जा रहा है। एमपी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न सब स्टेशनों में 2000 पौधों के रोपण लक्ष्य के मुकाबले 3261 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण को लेकर एम पी ट्रांसको के कार्मिकों के अलावा उनके परिजनों में भी गज़ब का उत्साह रहा। एमपी ट्रांसको की रहवासी कालोनियों में बढ़ चढ़कर पौधारोपण किया गया।

इन पौधों में ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले वृक्षों के अलावा फलदार और छायादार पौधों की विभिन्न प्रजाति शामिल हैं। पौधरोपण करने वाले कार्मिकों और परिजनों ने शपथ लेकर स्वेच्छा से इन पौधों की देखरेख का जिम्मा भी लिया। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों, 416 अति उच्चदाब सब स्टेशनों सहित एमपी ट्रांसको के सभी कार्यालयों के प्रांगणों तथा रहवासी कालोनियों में पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आउटसोर्स कर्मी सहित प्रत्येक कार्मिकों व उनके परिजन द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है।

## भोपाल के प्रकाश और समृद्धि सहित मप्र के छह कलाकार एनएसडी में चयनित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** देश के सबसे बड़े व प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी),नई दिल्ली में सत्र 2024-2026 के लिए भोपाल के दो समेत कुल छह युवा कलाकारों का चयन हुआ है। देशभर में चली चयन प्रक्रिया में शामिल हजारों प्रतिभागियों में से चयनित हुए 32 प्रतिभावान



भाग्यशाली युवाओं में इस बार भोपाल के युवा रंगकर्मी प्रकाश मिश्रा और समृद्धि असाटी शामिल हैं। दोनों ने भोपाल की रंग संस्था यंग्स थिएटर समूह से अभिनय के गुर सीखे हैं और अभी भी जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में चयनित होना किसी भी युवा रंगकर्मी का सबसे बड़ा सपना होता है। उक्त संस्थान में एक कठिन चयन प्रतिक्रिया से गुजर कर हजारों में से चंद युवा ही अपना स्थान सुनिश्चित कर पाते हैं। इसके पूर्व ग्रुप के अभिनय पटैरिया भी चयनित हो चुके हैं, सरफराज कहते हैं निश्चित ही चयनित कलाकार एनएसडी की शिक्षा से अपने अभिनय कौशल में निपुण होकर भारतीय संस्कृति व परंपराओं की विजय पताका को पूरे विश्व में लहराएंगे और अपने सृजन से भोपाल का नाम रोशन करेंगे।

# राज्य सकल घरेलू उत्पाद 9.37 प्रतिशत बढ़ा, प्रतिव्यक्ति आय चार गुना बढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए, मध्य प्रदेश का मौजूदा कीमतों पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद 13,63,327 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह राज्य की अर्थव्यवस्था के विस्तार दर्शाता है। इसमें उत्पादन, वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य दोनों की वृद्धि को शामिल किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष के राज्य सकल घरेलू उत्पाद 12,46,471 करोड़ रुपये से लगभग 9.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आज यहां आर्थिक सर्वेक्षण में स्पष्ट रेखांकित हुआ कि वर्ष 2023-24 के लिए स्थिर कीमतों पर जीएसडीपी 6,60,363 करोड़ रुपये थी, जो पिछले वर्ष के 6,22,908 करोड़ रुपये से ज्यादा है। यह लगभग 6.01 प्रतिशत की वृद्धि है, जो दिखाती है कि मध्यप्रदेश सतत रूप से आर्थिक प्रगति कर रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा की आर्थिक सर्वेक्षण मध्यप्रदेश की उत्कृष्ट आर्थिक प्रगति को रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आर्थिक समृद्धि के नये सोपान तय करेगा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अपेक्षा अनुसार देश की पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने भरपूर सहयोग देगा। मध्यप्रदेश में अर्थव्यवस्था बढ़ने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास एवं सभी वर्गों के उत्थान के लिए के लिए कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन हो रहा है। जनजातीय एवं अनुसूचित जाति समाज के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के कार्यक्रम, महिलाओं को अधिकार देने, उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल बनाकर उनका पालन आसान करने, कृषि में तकनीक का समावेश तथा खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से कृषकों की आय बढ़ाने के उपाय करने जैसे कई प्रयास सुशासन के अप्रतिम उदाहरण बनकर सामने आये हैं। राज्य में साक्ष्य परक एवं डाटा आधारित नीति निर्माण एवं विश्लेषण को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में यह प्रयास स्पष्ट दिखता है। इस बार का आर्थिक सर्वेक्षण प्रदेश की निवेश, निर्यात, उद्योग, विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति को दर्शाता है। वर्ष 2011-12 से 2023-24 तक मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राज्य के आर्थिक विकास और समृद्धि की एक अनूठी कहानी कहती है। इस दौरान, प्रति व्यक्ति एनएसडीपी में वृद्धि हुई है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में हुई उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। मौजूदा कीमतों पर, प्रति व्यक्ति शुद्ध आय वर्ष 2011-12 में 38,497 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 1,42,565 रुपये हो गयी है। इसमें लगभग चार गुना की वृद्धि हुई है। मुद्रा स्फीति के समायोजन के बाद स्थिर (2011-12) कीमतों पर भी प्रति व्यक्ति शुद्ध आय ने उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई, जो वर्ष 2011-12 में 38,497 रुपये से बढ़कर 2023-24 में 66,441 रुपये हो गयी। यह वृद्धि मुद्रा स्फीति के प्रभावों से परे वास्तविक आर्थिक प्रगति दिखाती है।

# कालेज की छात्राएं खेतों में जाकर सीखेंगी खेती किसानी का गुर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शासन ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में यूजी स्तर पर कृषि स्नातक का पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के मप्र के चार सरकारी और 18 स्वायतशासी कालेजों में बीएससी एग्रीकल्चर का पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें राजधानी का शासकीय सरोजनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (नूतन कालेज) में इस सत्र से बीएससी एग्रीकल्चर का पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के लिए कालेज अपने ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से अनुबंध करेंगे और उनके खेतों में विद्यार्थियों से प्रैक्टिकल भी करेंगे। बता दें कि शासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस सत्र से कृषि पाठ्यक्रम को शुरू करने के निर्देश दिए थे।शासन ने विश्वविद्यालय और कालेजों को निर्देशित किया है कि जिनके पास कृषि के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। नूतन कालेज में बीएससी एग्रकल्चर में 50 सीट उपलब्ध कराए जाएंगे।इसमें छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही उन्हें राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से अनुबंध कर उनके खेतों में प्रैक्टिकल कराया जाएगा। कालेज ने



नवीबाग और सीहोर स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान में भी छात्राओं को प्रैक्टिल कराया जाएगा।साथ ही कालेज में भी 500 स्क्वायर फीट की जगह छात्राओं के प्रैक्टिकल के लिए तैयार किया जा रहा है। पांच जुलाई को कालेज प्रबंधन किसानों के साथ अनुबंध करेगा। वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले अभी प्रदेश के तीन परंपरागत विश्वविद्यालय में यह पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब शासन के निर्देश के बाद चार अन्य विश्वविद्यालय इंदौर का देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, ग्वालियर का जीवाजी विश्वविद्यालय, रीवा का अवधेश प्रताप सिंह विवि और छतरपुर का महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और स्वायतशासी कालेजों में शुरू किया जा रहा है।इसमें चार सरकारी और 18 स्वायतशासी कालेजों में भी शुरू किया जा रहा है। हालांकि मप्र में दो कृषि विवि भी हैं। जबलपुर में जवाहरलाल नेहरु कृषि विवि व ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि है।

# विकासखंड मझौली में शिक्षा विभाग की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीएम राइज विद्यालय मझौली के सभागार में एक जुलाई को जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप नामांकन, कक्षोंन्नति, मैपिंग, पुस्तक रिसीविंग एवं वितरण, प्रशस्ति एप में छात्रों का पंजीयन, एनआईएलपी एप में असाक्षरों का पंजीयन, जून 2024 का खाद्यान्न उठाव, 15544 में एमडीएम एसएमएस, वृक्षारोपण, शाला भवन की स्थिति, पेयजल, विद्युतीकरण, शाला त्यागी बच्चों की जानकारी, ओलंपियाड, एनएमएमएस, एनएएस परीक्षा की तैयारी, नि:शुल्क सायकिल वितरण सत्र 2023 - 24 जारी राशि के अंतरण की स्थिति तथा सायकिल क्रय उपरांत चेचिस नंबर जमा करनें की स्थिति, कक्षा 1,2 के छात्रों का पंजीयन/सत्यापन, अध्यापन कार्य आदि की समीक्षा की गई।





जिला परियोजना समन्वयक तिवारी द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने हेतु गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तथा अध्यापन कार्य पर सर्वाधिक जोर दिया गया। कक्षा में शिक्षक बच्चों के बीच सक्रिय रहकर उत्तम अध्यापन कार्य करने, समय से समय तक शाला संचालित करने, शाला तथा शाला परिसर सदा स्वच्छ रखने, कक्षा 5वीं, 8वीं के अच्छे रिजल्ट हेतु शुरू से ध्यान देने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। एनएमएमएस, एनएएस एवं ओलंपिओड परीक्षा की तैयारी किये जाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक छात्रो का पंजीयन कर सफ्लता प्राप्त करने हेतु सुझाव दिए गए। जिस शाला भवन की स्थिति ठीक नही है, उन शाला भवनों में कक्षाएं संचालित नही किये जाने के निर्देश दिए गए और निर्देशित किया गया कि नजदीकी शासकीय भवन में ही शाला संचालित करे, किसी भी स्थिति में छात्रो की सुरक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। सभी जनशिक्षकों को प्रतिदिन कम से कम 3 विद्यालय का अवलोकन करनें हेतु निर्देशित किया गया। डीपीसी द्वारा भविष्य में शैक्षणिक कार्य में लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रामकृष्ण तिवारी तथा सह जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी पंकज पाण्डेय द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत जानकारी प्रदान की गई तथा प्रत्येक शाला प्रभारी को अपने बसाहट क्षेत्र में घर- घर जाकर असाक्षरों का चिन्हांकन करने, साक्षरता पंजी संधारित कर असाक्षरों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में दर्ज करने एवं एनआईएलपी एप में समस्त असाक्षरों का शत प्रतिशत पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में बीआरसीसी मझौली अयोध्या प्रसाद पटेल, बीआरसीसी सीधी विनय मिश्रा एवं सी एम राइज मझौली के प्राचार्य किशन लाल विश्वकर्मा द्वारा भी सभी संस्था प्रमुखों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंदेश्वरी प्रसाद तिवारी बीएसी द्वारा किया गया। बैठक में सभी एकीकृत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक, समस्त बीएसी, सीएसी, एमआरसी एवं एसई उपस्थित रहे।

## न्याय के लिये जवा थाने से लेकर डीआईजी कार्यालय तक चक्कर लगा रही पीड़िता



**मीडिया ऑडीटर, जवा निप्र।** मामला रीवा जिले के जवा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदी के कुशमैदा गांव का है जहा पर आज पीड़िता साधना देवी सोनकर और उसके परिजनों ने महिला थाना रीवा में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति रविशंकर सोनकर, सास गीता देवी सोनकर, ससुर इन्द्रनाथ सोनकर और देवर उमाशंकर सोनकर द्वारा दहेज की मांगकर गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। जान से मारने की धमकी देकर घर से बाहर निकाल दिया है। जिसकी शिकायत जवा थाने में दर्ज कराने गई, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई और जवा पुलिस ने अपने हिसाब से शिकायत दर्ज की। आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। जब भी जवा थाने जाती है तो धमका कर भगा दिया जाता है। जिसके बाद पीड़िता मजबूरन एसपी, डीआइजी और महिला थाना रीवा में कार्यवाही हेतु आवेदन दिया गया। जहां पर दोनों पक्ष को समझाकर दो चार दिन बाद जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। वहीं पीड़िता उसकी मां और सहयोगी शोभनाथ सोनकर ने जवा थाना पुलिस पर गलत शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने का आरोप लगाए हैं। दूसरे पक्ष से पैसा लेकर कार्यवाही न करने का भी जवा पुलिस पर आरोप लगाया है।

## बैढ़न में इनकम टैक्स का छापा

### बिलौंजी स्थित प्रज्ञा बैटरी प्रतिष्ठान से जब्त किए दस्तावेज, जांच जारी




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के बैढ़न में सोमवार को सतना आयकर विभाग की टीम ने बिलौंजी स्थित प्रज्ञा बैटरी प्रतिष्ठान पर छापा मारा।

जानकारी के अनुसार सिंगरौली के अलावा सीधी और अन्य जगहों पर स्थित प्रज्ञा बैटरी के प्रतिष्ठानों में एक साथ कार्रवाई की गई है। सोमवार की सुबह से आयकर विभाग की 15 सदस्यीय टीम अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर आयकर से संबंधित जानकारी प्रतिष्ठान से जुटाती रही। आयकर टीम ने वहां से लेनदेन से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

टीम अभी दस्तावेजों की जांच कर रही है। सिंगरौली में आयकर विभाग की कार्रवाई से अन्य व्यापारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## चाचा ने नाबालिग भतीजी के साथ किया दुष्कर्म

### आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा एवं पचास हजार रूपये अर्थदण्ड



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अभियोक्त्री की माँ ने पुलिस चौकी मड़वास में रिपोर्ट लेख कराई कि करीब 02 माह पूर्व एक रात वह अपने तीनों बच्चों को लेकर सो रही थी, सुबह उठकर देखी कि उसकी पुत्री अभियोक्त्री का बिस्तर खून से लथपथ था, उसके पूछने पर अभियोक्त्री बताई कि उसका चाचा आरोपी उसे झाड़ू लगाने को अपने घर बुलाया, उस समय घर में कोई नहीं था, आरोपी उसे पकड़ कर कमरे में ले गया और उसके कपडे उतार कर उसके साथ बलात्कार करने लगा, जब वह रोने चिल्लाने लगी तो उसका मुंह दबा दिए और बोला कि यदि वह रोयेगी तो मार डालेगा, तब वह डर के कारण घटना किसी को नहीं बताई। फिर अगले दिन उसे अपने साथ गौशाला ले गया और वहां भी उसके साथ बलात्कार किया और उसे बहुत डांटा और बोला कि किसी को बताएगी तो उसे जान से मार डालेगा, तब वह डर के कारण किसी को नहीं बताई। आरोपी उसका देवर था, इस कारण से उसके घर वाले उस पर दबाव बनाए थे कि रिपोर्ट मत करो,किंतु उसकी लडकी की तबीयत खराब होती गई, इसलिए वह घटना की सूचना पुलिस को दी है। अभियोक्त्री की माँ की उक्त सूचना पर पुलिस चौकी मड़वास में देहाती नालिसी तैयार की गई। थाना मझौली में असल अपराध क्र. 0775/2021 अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 376एबी, 376(2) (च), 376(2)(द), 506, एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 5ड, 5द, 5स/6 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

मौका नक्शा तैयार किया गया। पीड़िता एवं अन्य साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए। पीड़िता एवं अभियुक्त का मेडीकल परीक्षण कराया गया। अभियोक्त्री का मिश्रा नर्सिंग होम में किए गए ईलाज के दस्तावेज प्राप्त किए गए एवं अभियोक्त्री का ईलाज श्यामशाह मेडीकल कॉलेज, रीवा में भी कराया गया, जहां से ईलाज के दस्तावेज प्राप्त किए गए। विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 376 एबी, 376(2) (च), 376(2) (द), 506, 326 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 5ड, 5द, 5स/6 के अन्तर्गत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्र. क्र. 112/21 में शासन की ओर से शसक्तक पैरवी करते हुए जिला लोक अभियोजन अधिकारी भारती शर्मा द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 50,000/- रू. अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की कुल धनराशि रूपये 50,000/- रूपये अभियोक्त्री को धारा 357(1)(बी) द.प्र.स. के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात् अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का भी आदेश पारित किया गया। इसके अतिरिक्त अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में तीन लाख रूपये दिलाये जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

## भैरवनाथ बाबा पचपहरा में जन सजयोग से मंदिर निर्माण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** भैरवनाथ बाबा पचपहरा में मंदिर निर्माण कार्य के लिए 51 बोरी सीमेंट सोनू साकेत के द्वारा दी गई । सोनू साकेत ने कहा कि सब लोगों को एक साथ मिलकर मंदिर निर्माण कार्य पूरा करना चाहिए और पचपहरा गांव के लिए बड़ी सौभाग्य की बात है पंचमुखी भैरवनाथ बाबा पचपहरा में है यहां बहुत दूर-दूर से लोगों की आस्था जुड़ी है इसलिए सबको मिलकर इस मंदिर को एक भाव मंदिर बनाया जाए।

## कलेक्टर ने दो पटवारियों को सस्पेंड किया




**मीडिया आडीटर, छतरपुर निप्र।** जिला मुख्यालय की जिला पंचायत में 02 जुलाई को कलेक्टर संदीप जीआर ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे जनसुनवाई में प्राप्त दो शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शाम 6 बजे दो हल्का पटवारियों को आदेशों का अमल नहीं करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

तहसील चंदला हल्का पटवारी लवरहा मातादीन अनुरागी द्वारा आवेदक अविनाष के नामांतरण के आदेश का राजस्व प्रकरण में आदेश पारित होने के दिनांक के एक माह तक आदेश को राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया था।

वही दूसरे हल्का पटवारी राजबहादुर त्रिपाठी नीवीखेडा तहसील गौरिहार द्वारा आवेदक संतोष पाल के नामांतरण के आदेश का राजस्व प्रकरण में आदेश पारित होने के दिनांक के एक माह तक आदेश को राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया था।


## इश्तहार/आम-सूचना

सर्वसाधारण/आमजन को सूचित किया जाता है भूमि प्लॉट नम्बर 3511/4 रकवा 59750 वर्गफिट में से 9540 वर्गफिट का अनुबंध जरिये रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र दिंनाक 31.10.2023 पंजीकरण संख्या MP328492023A12517871 (द्वितीय पक्ष) अविनाश सिंह परिहार तनय श्री उदय प्रताप सिंह परिहार, निवासी वार्ड क्रमांक 05 बनकुइंया मार्ग, तहसील हुजूर जिला रीवा (म0प्र0) के पक्ष में भूमिस्वामी (प्रथम पक्ष) वीरेन्द्र नथमल लुन्कड़ तनय श्री नथमल लुन्कड़, निवासी- पाण्डेय चौक जलगांव जिला पेठ (महाराष्ट्र) हाल मुकाम व्यंकट टॉकीज रीवा, जिला रीवा (म0प्र0) के द्वारा निष्पादित कराया गया था। उक्त विक्रय पत्र अनुबंध के मुताबिक अनुबंध दिनांक 31.10.2023 से दो वर्ष 11 माह 29 दिन तक के लिये अनुबंध वैध व प्रभावशील है। अनुबंध पत्र की शर्तों के मुताबिक अनुबंधित भूमि रकवा 9540 वर्गफिट का संपूर्ण प्रतिफल 20,00,000/- (बीस लाख) रुपये तंय किया गया था, जिसमे से 2.00,000/- (दो लाख) रुपये अनुबंध विक्रय पत्र निष्पादन दिनांक 30.10.2023 को अविनाश सिंह परिहार द्वारा वीरेन्द्र नथमल लुन्कड़ को प्रदान किया गया था। शेष राशि 18,00,000/- (अठारह लाख) रुपये अनुबंध अवधि के अन्दर यानि दो वर्ष 11 माह 29 दिन के अन्दर भूमि स्वामी को प्रदान की जानी है। अनुबंध पत्र में यह भी शर्त अंकित है कि प्रथम पक्ष यानि विक्रेता अनुबंध दिनांक 31.10.2023 के पश्चात किसी अन्य व्यक्ति से उक्त भूमि के संबन्ध मे कोई सौदा या अनुबंध इत्यादि नही करेगे, यदि किसी अन्य के हक में कोई भी अनुबंध या विक्रय पत्र निष्पादित किया जाता है तो द्वितीय पक्ष यानि अविनाश सिंह परिहार बकाया राशि 18,00,000/- (अठारह लाख) रुपये न्यायालय मे जमा करके अपने नाम विक्रय पत्र पंजीकृत कराने हेतु स्वतंत्र होगें। अनुबंध पत्र दिनांक 31.10.2023 वर्तमान मे प्रभावशील है, उक्त अनुबंध पत्र के प्रभावशील रहते भूमिस्वामी अनुबंधित भूमि व उसके रकवे के संबन्ध मे कोई नया अंतरण दस्तावेज यानि अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, बंध पत्र आदि निष्पादित करने की अधिकारिता नही रखता है, जब तक अनुबंध पत्र दिंनाक 31.10.2023 वैध व प्रभावशील हो। द्वितीय पक्ष को विश्वस्त सूत्रो से पता चला है कि भूमिस्वामी अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अन्य व्यक्ति को कराने हेतु तत्पर है, यदि कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि का विक्रय पत्र, अनुबंध पत्र या बंधकनामा कराता है तो वह वैध नहीं होगा एवं समस्त समव्यवहार शून्य होगा तथा समस्त हर्जे खर्चे की जवाबदारी व स्वयं व्यक्ति होगा। अन्यथा की स्थिति में मेरा पक्षकार विधिक कार्यवाही करते हुये प्रथम पक्ष वीरेन्द्र नथमल लुन्कड़ एवं जो व्यक्ति अनुबंधित भूमि का विक्रय, बन्धक या अनुबंध पत्र अपने पक्ष में करायेगा उससे संपूर्ण हर्जे खर्चे व न्यायालयीन खर्च हेतु द्वितीय पक्ष अविनाश सिंह परिहार सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर न्यायालय से दण्डित किये जाने की माग करेगा।

**अधिवक्ता बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय,**
**जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर**
**रीवा ( म0प्र0 ) 9039176853 वास्ते**
**अविनाश सिंह परिहार**


## अवयस्क अभियोक्त्री से दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष का कठोर कारावास

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अभियोक्त्री के पिता ने थाना कोतवाली सीधी में उसकी पुत्री अभियोक्त्री उम्र 16 वर्ष को 08 अप्रैल 2023 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट लिखायी, जिसके आधार पर थाना कोतवाली के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 285/2023 अंतर्गत धारा 363 भा.दं.सं. पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अभियोक्त्री की तलाश करने पर अभियोक्त्री दस्तयाब हुई। अभियोक्त्री के द्वारा बताया कि आरोपी संदीप रावत तनय राजेश कोल निवासी सैरपुर के द्वारा उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था एवं उसके साथ जबरदस्ती बलात्संग की घटना कारित किया जिसके कारण वह पांच माह की गर्भवती हो गई है। अभियोक्त्री के कथन के परिणामस्वरूप प्रकरण में 376(1), 376(2)(एन), 376(3) भादवि एवं 5(र)(पप)/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्र.क्र. 09/23 में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए जिला लोक अभियोजन अधिकारी भारती शर्मा द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 5(र)(पप)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000/- रू. अर्थदण्ड से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की कुल धनराशि रूपये 5,000/- रूपये अभियोक्त्री को धारा 357(1)(बी) द.प्र.स. के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात् अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का भी आदेश पारित किया गया।

## भाजपा युवा मोर्चा ने पुतला दहन किया

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छत्रसाल चौराहा पर शाम को भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया और इस मामले में माफी मांगने की मांग की।

मंगलवार शाम 4.30 बजे छत्रसाल चौराहा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए जुटे। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से देश का प्रत्येक हिंदु अपमानित हुआ है।

### जिले में औसत वर्षा 111.6 मि.मी. दर्ज

## सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 जुलाई को सीधी जिले में 46.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

तहसील रामपुर नैकिन में 22.0 मि.मी., चुरहट में 27.8 मि.मी., गोपद बनास में 55.2 मि.मी., सिहावल में 74.8 मि.मी., बहरी में 60.0 मि.मी., मझौली में 34.0 मि.मी. और कुसमी में 50.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 111.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 02 जुलाई तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 166.1 मि.मी. दर्ज की गई है।

तहसील चुरहट में 37.8, गोपद बनास में 100.4, सिहावल में 99.2, बहरी में 103.4 मझौली में 108.0 मि.मी. और कुसमी में 166.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 114.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी।

गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 2.5 मि.मी. औसत वर्षा कम हुई है।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 210 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

### ठाकुरदीन साहू ट्राई साईकिल मिलने से बेहद खुश दिखे

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 210 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।





जनसुनवाई में नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड 23 से आये ठाकुरदीन साहू ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि पोलियो के कारण उनके दोनों पैरों विकलांग जिसके कारण वे चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं।

उन्होंने बताया कि 4 साल पहले ट्राई साइकिल मिली थी लेकिन उसकी हालत काफी जर्जर हो गई है जिसके कारण समस्या हो रही है। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

उक्त आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से आवेदक बहुत खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)

क्रमांक .2004/1/न.पा.नि./राजस्व/2024 रीवा, दिनांक 1/7/24

### अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रानी गंज (घोघर) जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में निर्मित दुकान क्रमांक 32 (भूतल) श्री आशीष हंसपाल पिता श्री देवराज हंसपाल को 35 माह के लिये किराये पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्रीमती रीतू शर्मा पिता श्री राजमणि शर्मा निवासी एम.आई.जी. 215 वार्ड नं. 44 चिरहुला कालोनी रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 21.05.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान क्रमांक 32 भूतल के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री आशीष हंसपाल के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 32 भूतल का नामांतरण श्रीमती रीतू शर्मा पिता श्री राजमणि शर्मा निवासी एम.आई.जी. 215 वार्ड नं. 44 चिरहुला कालोनी रीवा म.प्र. के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त ( राजस्व )**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

# विचार

## स्पेशल पैकेज देने से पहले कुछ नए मापदंड तय किये जाएं जो सर्वस्वीकार्य हों

अपने देश में कई राज्य ऐसे हैं जो स्पेशल स्टेटस या स्पेशल पैकेज की मांग केंद्र सरकार से करते आये हैं, लेकिन यह दर्जा या सुविधा इन्हें कबतक मिलेगी, निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता है। हां, इतना जरूर है कि बिहार, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जैसे राज्य समय-समय पर अपने लिए विशेष दर्जे या विशेष पैकेज की मांग करते रहे हैं, जो स्वाभाविक भी है। बताया जाता है कि पिछड़ेपन, ज्यादा आदिवासी आबादी और कम राजस्व का हवाला देकर उपरोक्त राज्य लंबे समय से अपने लिए विशेष दर्जे (स्पेशल स्टेटस) की मांग करते आये हैं। हालांकि 14वां वित्त आयोग केंद्र सरकार को काफी पहले ही यह सलाह दे चुका है कि इस कैटिगरी में अब किसी राज्य को नहीं जोड़ा जाए। यही वजह है कि कुछ राज्यों ने अब अपने सुर बदल लिए हैं और विशेष दर्जे की जगह विशेष पैकेज की मांग करने लगे हैं। समझा जाता है कि भले ही पिछली कार्यकाल तक बीजेपी की नरेंद्र मोदी सरकार 14वें वित्त आयोग का हवाला देकर इस मांग को ठुकरा रही थी, लेकिन अब वह आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ टीडीपी और बिहार में काबिज जेडीयू के समर्थन पर टिकी हुई है, इसलिए अब मोदी सरकार भी अपने पुराने रूख पर कायम रह पाएगी, ऐसा मुझे नहीं लगता। हां, इस मांग में इतना बदलाव जरूर दृष्टिगोचर हो रहा है कि अब बिहार और आंध्रप्रदेश जैसे राज्य विशेष दर्जे की जगह विशेष पैकेज की मांग करने लगे हैं, जिससे इंकार करने की कोई वजह भी किसी नहीं दिखती। दरअसल, विशेष राज्य का दर्जा देने का किस्सा आजादी के बाद के दूसरे दशक में शुरू हुआ, जब केंद्र सरकार ने महसूस किया कि विकास की दौड़ में पिछड़ रहे कुछ राज्यों को सहारा देना होगा। इसके दृष्टिगत योजना आयोग के उपाध्यक्ष डी आर गाडगिल के फार्मूले पर विशेष राज्य का दर्जा यानी स्पेशल कैटिगरी स्टेटस की व्यवस्था की गई। जिसमें पहाड़ी राज्यों, ज्यादा आदिवासी आबादी वाले राज्यों, सीमावर्ती राज्यों, आर्थिक और बुनियादी ढांचे के लिहाज से पिछड़े राज्यों और ऐसे राज्यों पर विचार किया गया, जो अपने लिए पर्याप्त राजस्व की व्यवस्था न कर पाते हों। इस दृष्टिकोण से प्रारंभ में जम्मू-कश्मीर, असम और नागालैंड को दर्जा मिला। यद्यपि बाद में इसकी सूची बढ़ती गई और अब उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश सहित 11 राज्य इस सूची में शामिल किए जा चुके हैं। बताया जाता है कि विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त करने वाले राज्यों को केंद्र सरकार से ज्यादा वित्तीय मदद मिलती है। ऐसे राज्यों को केंद्रीय योजनाओं के लिए 90 प्रतिशत फंड केंद्र सरकार देती है और 10 प्रतिशत फंड की राज्य सरकार को देनी होती है, यानी 90-10 का अनुपात। जबकि दूसरे राज्यों में यह अनुपात 60-40 का होता है। वहीं, विशेष दर्जे वाले राज्यों को कुछ योजनाओं में अलग से भी मदद मिलती है। यही वजह है कि 14वें वित्त आयोग (फाइनैंस कमीशन) ने विशेष राज्य का दर्जा वाली सूची में अब और अधिक राज्यों को न जोड़ने की सलाह दी थी। हालांकि अब एनडीए गठबंधन के दबाव के मद्देनजर मोदी सरकार स्पेशल पैकेज के जरिए बीच का रास्ता निकाल सकती है।

# एक ही गलत कदम भविष्य को बर्बाद कर सकता है

**हर व्यक्ति बच्चा हो या बूढ़ा, अज्ञानता, अभाव, अशक्ति व अहम और अहंकार के कारण कई प्रकार की नादानियां व गलतियां करता रहता है। यही गलतियां उसको भविष्य में इतनी भारी पड़ती हैं कि उसके पास पछताने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं रहता। बच्चों की बात करें तो आज के बच्चे ऐसे माहौल में पल रहे हैं कि उनकी आदतें जन्म से ही बदलती जा रही हैं। उनकी सोच में परिवर्तन होता जा रहा है तथा यदि इस पर अंकुश न लगाया गया तो उनका व देश का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। वे हर समय मोबाइल पर कुछ न कुछ देखते हुए पाए जाते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए भी मोबाइल को उनके हाथ में थमाना पड़ता है।**



यह ठीक है कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। पढ़ाई में कुछ बच्चे तो पूरे के पूरे अंक प्राप्त कर रहे हैं मगर जब यह बच्चे 15-16 वर्ष की आयु में प्रवेश करते हैं तब इनके शरीर में अद्भुत-सा बदलाव आने लगता है तथा वे अपने मां-बाप की बात को भी नहीं मानते तथा उनको रोकने पर वे अपनों से भी नफरत करने लग पड़ते हैं। स्कूलों में जो भी पढ़ाई करवाई जाती है वह केवल अंक बढ़ाने के लिए ही करवाई जाती है तथा नकल का सहारा भी खूब लिया जाता है मगर ऐसी पढ़ाई हमारी जिंदगी में कहीं काम आने वाली नहीं होती। आज हजारों-लाखों युवा इसलिए बेरोजगार हैं क्योंकि उन्हें किसी पेशे से संबंधित पढ़ाई नहीं करवाई गई। आज चिन्ता इसी बात की है कि बच्चे कहीं गलत रास्ते पर जाकर अपना भविष्य नष्ट न कर लें। एक शायर ने खूब कहा है कि 'एक ही कदम उठा था राहे शौक में और मंजिलें तमाम उम्र मुझे ढूंढती रहीं।' आम सामान्य अध्यापक जो भी बच्चों को पढ़ाते हैं वह तो गूगल इत्यादि पर भी उपलब्ध होता है। बहुत ही कम ऐसे अध्यापक हैं जो बच्चों को संस्कारी व शिष्टाचारी बनाते हैं तथा उनको एक अच्छा इंसान बनने की राह पर चलाते हैं। अध्यापक ही एक ऐसा वर्ग है जिससे बच्चे कुछ सीखते हैं। मां-बाप को तो बच्चे नकारते रहते हैं और उन्हें आऊटडेटड कहते हैं। आखिर मां-बाप अपने साथ कुछ नहीं ले जाने वाले, वो तो सब कुछ अपने बच्चों के हवाले ही छोड़कर चले जाते हैं। श्री राम ने अपने मां-बाप की खुशी के लिए अपने जीवन काल के 14 वर्ष खुशी-खुशी वनवास में काट दिए थे। बच्चों को चाहिए कि वे अपने मां-बाप के साथ कुछ समय गुजारें। एक सर्वे के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत बच्चे नशे का शिकार हो चुके हैं तथा रोज सुनने को मिलता है कि फलां बच्चा नशे की ओवरडोज लेकर परमात्मा को प्यारा हो गया। नशा एक बहुत बड़ा व्यापार बन चुका है। नशे की दुकानें हर जगह मिल सकती हैं। आज के युवा मजनू बनते जा रहे हैं तथा नपुसंकता का शिकार भी होते जा रहे हैं। छोटी उम्र में ही बूढ़े लगने लगते हैं। आखिर क्या कारण है कि 140 करोड़ वाले देश में कुछ गिने-चुने खिलाड़ी ही ओलिम्पिक मैडल जीत पाते हैं। सरकार की तरफ से उन्हें हर सुविधाएं दी जाती हैं मगर फिर भी वे कुछ विशेष नहीं कर पाते हैं। कहा गया है कि मिट्टी जब तक अपना हक अदा न करे, हवाओं के झोंकों से गुलाब के फूल नहीं खिला करते। मंजिलें चाहे कोई भी क्यों न हों, चाहे राजनीति और चाहे कोई अन्य व्यवसाय इन सब को पाने के लिए एक दृढ़ निश्चय व खूबसूरत रास्ता चुनने की आवश्यकता होती है। एक बार गलत रास्ता पकड़ लिया तो वह आपको मंजिल तक नहीं पहुंचा पाता तथा भटकने के लिए मजबूर कर देता है। दूसरी तरफ भटकाने वाले लोग बहुत होंगे जो आपको कभी भी सफल होते हुए नहीं देखना चाहेंगे। यदि आप कमजोर होंगे तो कोई भी व्यक्ति आपकी सहायता व सहयोग के लिए आगे नहीं आएगा। आज जरूरत है आत्मनिर्भर, सशक्त व मजबूत बनने की ताकि आप किसी के आगे झुकने के लिए मजबूर न हो पाएं। बच्चों को अपने बूढ़े मां-बाप की कद्र करनी चाहिए क्योंकि मां- बाप एक ऐसी नेमत हैं जो एक बार छिन जाए तो दोबारा लौट कर कभी नहीं आती। मां-बाप तो वो बहार है जिस पर एक बार फिजा आ जाए तो ये बहारें फिर से नहीं आती। माता-पिता की हर खुशी का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि संसार में पवित्र रिश्ता मां-बाप का ही होता है। बच्चों को अपने मां-बाप की सेवा श्रवण कुमार की तरह करनी चाहिए। श्रवण कुमार ने अपने अंधे माता-पिता को तीर्थयात्रा करवाने के लिए उन्हें अपने कंधों पर कांवडियों की मदद से भ्रमण करवाया था तथा जब वह माता-पिता की प्यास बुझाने के लिए बावड़ी पर पानी लेने के लिए गया तो राजा दशरथ के तीर से मारा गया था। याद रखें कि दुनिया में लाने वाले जब दुनिया में नहीं रहते तो दुनिया अंधेरी लगती है। बच्चों को अपने मां-बाप की उपेक्षा करने की गलती नहीं करनी चाहिए, नहीं तो सारी उम्र ही पछताना पड़ेगा।गलत मार्ग पर चलने का बोध होते ही यदि यू-टर्न ले लिया जाए तथा गलती का प्रायश्चित कर लिया जाए तो मनुष्य अपनी खोई हुई शक्ति व प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त कर सकता है। यदि धूल चेहरे पर हो तथा शीशा ही साफ करते रहें तब कुछ भी प्राप्त होने वाला नहीं।रास्ते में जाते समय यदि कीचड़ के छींटें पड़ जाए तो यह सोचना मूर्खता ही होगी कि अब तो कीचड़ लग ही गया तो अब क्यों न कीचड़ में लोट-पोट हो जाया जाए। बुद्धिमता तो इसी में है कि कीचड़ को धो लिया जाए कि पुनः कीचड़ न लगे। सुबह का भूला हुआ अगर शाम को घर लौट आए तो उसे भूला हुआ नहीं कहते। यदि गलती का समुचित प्रायश्चित कर पुनः प्रयास किया जाए तो सन्मार्ग व उज्ज्वल भविष्य की प्राप्ति हो सकती है। यदि नाव के नीचे छेद हो जाए तो नाव में पानी भर जाने से वह डूब सकती है और यदि वही छेद नाव के ऊपर हो तो वह दिखाई भी देगा और उसे समय रहते ठीक भी कर लिया जाएगा। बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ और प्रशासनिक अधिकारियों में भी अहंकार की एक ही भूल उन्हें अर्श से फर्श पर ले आती है। सत्ता में आंखें अंधी हो जाती हैं तथा वह दूसरों को कुछ नहीं समझते मगर उनको यह गलती इतनी भारी पड़ती है कि लोग उनके अच्छे कार्यों को भी भूलना शुरू कर देते हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि ऐसी भी गलती न करें जो मिटाने से भी न मिट पाए।

## संविधान पर शोर-शराबा क्यों?

देश भर में आज संविधान को लेकर सभी राजनीतिक दल हल्ला-गुल्ला कर रहे हैं परंतु देश के सामने जो वास्तविक चुनौतियां हैं उन्हें राजनेता गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। 1980 से अब तक भारत की ही एक स्टेट जम्मू-कश्मीर आतंकवाद की भट्ठी में जल रही है। रक्त बीज की तरह वहां आतंकवादी लोगों की जानें ले रहे हैं और फिर उतने ही पैदा हो रहे हैं। कौन गंभीर है इस ओर दो टूक फैसला होना चाहिए। मोदी साहिब सर्व शक्तिमान हैं। जम्मू-कश्मीर के इस चैलेंज को स्वीकार करें। नाहक पुलिस और फौजियों को शहीद करवा रहे हैं। आर-पार हो जाना चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह तभी राजनीति के चाणक्य कहलवाने के योग्य होंगे यदि छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले को नक्सल मुक्त करवाएंगे। व्यर्थ चाणक्य कहलाने का क्या लाभ। मणिपुर साल भर से खूनी खेल खेल रहा है, चाणक्य नीति बार-बार वहां फेल क्यों हो रही है? क्या मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं? चौथी चुनौती आसमान छूती महंगाई पर सरकार चुप क्यों है? आवश्यक वस्तुओं के दाम साधारण व्यक्ति के हाथ से छूट रहे हैं। और राजनेता संविधान के मुद्दे को व्यर्थ उछाल रहे हैं। पक्ष-प्रतिपक्ष संघ प्रमुख मोहन भागवत के उद्घोषण पर अमल करें। संविधान को कुछ नहीं होगा। जून 1975 को संविधान को छेड़ कर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देख लिया। भारत की जनता को एक-एक चीज 50 वर्ष पहले की याद है। कृपया राजनीतिक दल जनता का ध्यान मत भटकाएं। भारत के लोगों की उपरोक्त ड्क्षचताओं पर सभी राजनेता एकमत से ड्क्षचतन करें। चुनौतियों का निधान निकालें। भारत के संवैधानिक इतिहास में 26 नवम्बर 1949 का दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन संविधान सभा ने भारतीय लोगों के नाम पर स्वतंत्र भारत का संविधान अर्पित किया। संविधान वह संवैधानिक पुस्तक है जिसके द्वारा लोगों ने अपनी सरकारें और प्रशासन अपने ढंग से चलाने का संकल्प लिया। भारत के लोगों ने लोकतंत्र की सारी शक्तियां अपने ऊपर ले लीं। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सारी शक्तियां जनता के हाथ आ गईं। संसद में और विधानसभाओं में जनमत का प्रतिनिधित्व भारत के लोगों के हाथ आ गया। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और पंचायतों का प्रशासन भारत के लोगों ने स्वयं संभाल लिया। केंद्र से लेकर स्थानीय स्तर तक लोकराज स्थापित हो गया।

# छह महीने पहले जिन्हें कौन अखिलेश वखिलेश कहा गया था, उन्होंने मैन ऑफ द मैच बनकर दिखा दिया

नीरज कुमार दुबे

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन आज उनकी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता धूमधाम से मना रहे हैं। विभिन्न दलों के नेता भी अखिलेश यादव को जन्मदिन पर बधाइयां दे रहे हैं। अखिलेश यादव के लिए इस बार का जन्मदिन बेहद खास है इसलिए वह बहुत खुश नजर आ रहे हैं। दरअसल इस बार के लोकसभा चुनावों में मैन ऑफ द मैच बनकर उभरे अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी को लोकसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनवा कर अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर दी है। संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद समाजवादी पार्टी पहली बार पूरी तरह अखिलेश यादव की नीतियों और नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरी थी और उसने बड़ी कामयाबी हासिल की। लोकसभा चुनावों में अखिलेश यादव अपने परिवार के सदस्यों को तो चुनाव जितवाने में सफल रहे ही साथ ही पार्टी को एकजुट कर उन्होंने जिस तरह से हर वर्ग का समर्थन हासिल किया वह अभूतपूर्व था। देखा जाये तो कुछ समय पहले तक चाचा शिवपाल सिंह यादव जैसे अपने लोगों के अलावा बाहरी लोग भी अखिलेश यादव को महत्व नहीं दे रहे थे। याद कीजिये मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान जब अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के लिए कांग्रेस से कुछ सीटें मांगी थीं तो कमलनाथ ने कहा था- कौन अखिलेश वखिलेश। लेकिन जब मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार हुई तो उसके सुर एकदम से बदल गये और राहुल गांधी सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ नजर आने लगे। यही नहीं, पिछले साल मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव से पहले अखिलेश ने जिस तरह चाचा शिवपाल सिंह यादव को साथ लेकर पूरे परिवार को एकजुट किया उससे भी उनकी कामयाबी की राह आसान हुई। जिन अखिलेश यादव पर समाजवादी पार्टी को मनमाने ढंग से चलाने का आरोप लगता था, उन अखिलेश यादव ने सबको साथ लेकर चलना शुरू किया तो सफलता कदम चूमने लगी। यही नहीं, गठबंधन धर्म का पालन करते हुए अखिलेश यादव ने उदार दिल दिखाया और कांग्रेस को उसकी हैसियत से ज्यादा सीटें दीं। साथ ही राष्ट्रीय लोकदल के लिए भी सात सीटें छोड़ दीं। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले जब जयंत चौधरी एनडीए के साथ चले गये तब भी अखिलेश यादव निराश नहीं हुए क्योंकि उन्होंने जो सोशल इंजीनियरिंग की थी उसकी सफलता पर उन्हें पूरा भरोसा था। जब चुनाव परिणाम आये तो उन लोगों के चेहरों की हवाइयां उड़ गयीं जो अखिलेश यादव के पीडीए का मजाक उड़ाते थे। लोकसभा चुनाव परिणामों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी को सिर्फ इसलिए वोट नहीं मिले हैं क्योंकि जनता मोदी और योगी सरकार से नाराज थी। अखिलेश यादव को वोट इसलिए भी मिले हैं क्योंकि जनता उनकी नीतियों से प्रभावित थी। अखिलेश यादव को वोट इसलिए भी मिले हैं क्योंकि मुस्लिमों का पूरा समर्थन उनके साथ आ गया है। भले आजम खान या कोई और मुस्लिम नेता अखिलेश यादव से नाराज दिखा



लेकिन आम मुस्लिम अखिलेश यादव के समर्थन में खड़ा नजर आया। अखिलेश यादव को वोट इसलिए भी मिले हैं क्योंकि दलित, ओबीसी या पिछड़े वर्ग का ही नहीं बल्कि सवर्णों का भी अच्छा खासा समर्थन समाजवादी पार्टी को मिला है। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम आया है वह दर्शा रहा है कि जनता ने सिर्फ भाजपा को सबक नहीं सिखाया है बल्कि अखिलेश यादव को सिर आंखों पर भी बैठाया है। जो लोग अखिलेश यादव पर आरोप लगा रहे थे कि वह सनातन धर्म का अपमान करने वालों को बढ़ावा दे रहे हैं उन लोगों को अखिलेश यादव ने अयोध्या की संसदीय सीट जीतकर दिखा दिया।

जब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने का निमंत्रण अखिलेश यादव ने ठुकराया था तो भाजपा का कहना था कि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं, लेकिन अयोध्या-फैजाबाद की जनता ने अखिलेश यादव की पार्टी को जिताकर भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और संदेश दिया कि जो काम का है उसे ही जनता पसंद करती है। यही नहीं, जब लोकसभा चुनावों के बीच में ही अखिलेश यादव बार-बार कई संसदीय सीटों पर अपने प्रत्याशी बदल रहे थे तो उन्हें नौसिखिया तक करार दिया जा रहा था। लेकिन चुनाव परिणाम दर्शा रहे हैं कि अखिलेश के वह सभी फैसले सही सिद्ध हुए। देखा जाये तो पूरे चुनावों के दौरान सपा मुखिया ने जिस तरह अपने गठबंधन के बीच सामंजस्य बनाये रखा, चुनाव के हर चरण के लिए नई नीति अपनाई, अपनी पार्टी को एकजुट रखा, कार्यकर्ताओं को निचले स्तर तक सक्रिय किया, सोशल मीडिया के जरिये अपने चुनाव अभियान को आगे बढ़ाया, जनता के बीच अपने घोषणापत्र की बातों को पहुँचाया और भाजपा को त्वरित तथा तगड़ा जवाब दिया उससे अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की राजनीति के नये स्टार के रूप में उभरे हैं।

देखा जाये तो जब अखिलेश यादव पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तब उसमें उनका अपना कोई योगदान नहीं था क्योंकि अपने पिता की बदौलत उन्हें वह कुर्सी मिली थी। अपने बलबूते अखिलेश यादव को सबसे बड़ी राजनीतिक सफलता इस बार के लोकसभा चुनावों में मिली है। इस बार समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीटें जीत कर भाजपा का मजा खराब कर दिया है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जो शानदार प्रदर्शन रहा है वह भी समाजवादी पार्टी से गठबंधन के बलबूते ही संभव हो पाया है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जहां सपा को कमजोर समझा जाता था वहां भी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन दर्शा रहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव का सिक्का चल गया है।

# भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला

## मर्डर के बाद थाने जाकर किया सरेंडर, बूढ़ी मां की देखभाल को लेकर हुआ था विवाद





**मीडिया ऑडीटर, महासमुंद एजेंसी।** महासमुंद जिले में एक युवक ने अपने बड़े भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला। बताया जा रहा है कि मां की देखभाल के लिए दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी बीच सोते वक्त बड़े भाई पर छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद खून से लथपथ आरोपी ने थाने पहुंचकर सरेंडर किया। वारदात सिरपुर चौकी इलाके की है।

जानकारी के मुताबिक बड़े भाई पीलाराम ध्रुव (38 वर्ष) पीलाराम शादीशुदा था। छोटा भाई पीलूराम ध्रुव (35 वर्ष) अविवाहित है।

रविवार रात दोनों भाइयों ने शराब पी थी। इसके बाद दोनों के बीच नशे में जमकर विवाद हुआ। पीलाराम ध्रुव ने पीलूराम की पिटाई की थी, जिससे वह नाराज था।

**मां की देखभाल को लेकर हुआ विवाद:** आरोपी ने बताया कि पिटाई से आहत होकर उसने अपने कमरे में सो रही मां को अंदर बंद करके बाहर से कुंडी लगा दी। इस दौरान नशे में धुत बड़ा भाई पीलाराम सो रहा था। मौका पाकर पीलूराम ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और बड़े भाई के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे बड़े भाई ने मौके पर दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक खून से लथपथ आरोपी सिरपुर चौकी पहुंचा। वहां उसने बताया कि उसने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी है। थाने में आरोपी को हिरासत में लेकर वे तत्काल घटना स्थल पहुंचे। जहां पीलाराम की लाश चारपाई पर पड़ी थी।

**बड़ा भाई बेवजह मारपीट करता था:** सिरपुर चौकी प्रभारी बसंत पाणिग्रही ने बताया कि आरोपी का बड़ा भाई बेवजह मारपीट करता था, जिससे वह परेशान हो चुका था। वारदात के दिन पीलाराम की पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके गई थी। घर में पीलूराम और पीलाराम के अलावा उनकी बुजुर्ग मां ही थी। इसी का फायदा उठाकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

## छत्तीसगढ़ 2047 तक बनेगा विकसित राज्य अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन एड./2047 की रूपरेखा तैयार

**मीडिया ऑडीटर, मनेंद्रगढ़ निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया था । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को टीम इंडिया के रूप में एकजुट होकर काम करने लिए लिए कहा है । इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ के वित्त एवं योजना मंत्री ने 2024-25 के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाया जाएगा।

इसके लिए एक विजन डॉक्यूमेंट अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन एड./2047 तैयार किया जाएगा जो 01 नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। इस विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने की जिम्मेदारी राज्य नीति आयोग को सौंपी गई है।

विकसित भारत की परिकल्पना में राष्ट्र का आर्थिक और सामाजिक समावेशी विकास का स्तर पर्यावरणीय तरीकों से विश्व के अन्य विकसित देशों के समकक्ष लाने का लक्ष्य है। वित्त एवं योजना मंत्री ने सभी विधानसभा सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन एड./2047 विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में अपना सुझाव राज्य नीति आयोग को प्रेषित करें या पोर्टल मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ के माध्यम से अपना सुझाव दें।सभी नागरिकों से भी तीन समयावधि लघु काल 5 वर्ष मध्यकाल 10 वर्ष और दीर्घकाल 15 वर्ष के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए 08 वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं जिनमें उद्योग और सेवाओं में सुधार कृषि एवं वानिकी में सुधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व पोषण बुनियादी ढांचे का विस्तार समाज कल्याण सुशासन स्थिरता और पुनर्योजी विकास एवं अन्य के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

प्रदेश के सभी नागरिक 30 जुलाई 2024 तक विजन डॉक्यूमेंट से संबंधित अपने सुझाव लिंक के माध्यम से या क्यू आर कोड को स्कैन कर मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ पोर्टल के माध्यम से राज्य नीति आयोग को दे सकते हैं।छत्तीसगढ़ सरकार के इस पहल का उद्देश्य है कि 2047 में जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तब छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य के रूप में विश्व के अन्य विकसित देशों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा ।

# बिल्डर के घर में घुसकर मारपीट

## 8 बदमाशों ने बेसबॉल बैट-रॉड से महिलाओं को भी पीटा, जैन समाज ने घेरी कोतवाली

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर के टैगोर नगर में सोमवार रात एक बिल्डर के घर घुसकर आधा दर्जन युवकों ने परिवार वालों पर लाठी, डंडे और रॉड से हमला कर दिया। जब आस-पास के लोग बीच-बचाव करने आए तो आरोपी भाग निकले। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग सिटी कोतवाली पहुंचे और थाने का घेराव किया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने घर में घुसकर महिलाओं से भी गाली गलौज कर मारपीट की। बदमाशों की ये हरकत घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें वे बेस बॉल बैट से पिटाई करते दिख रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर थ्स् दर्ज कर ली है और 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

**कारों को टक्कर मारने से शुरू हुआ विवाद:** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के टैगोर नगर में रहने वाले ऋषभ बिल्डर के ओनर ऋषभ कटारिया ने पुलिस को शिकायत में बताया कि सोमवार को उनके भतीजे का जन्मदिन था । इसलिए घर में कई रिश्तेदार आए हुए थे। घर के सामने आए हुए मेहमानों की कारें खड़ी थीं। शाम को एक बुलेट सवार ने घर के बाहर खड़ी दो कारों को ठोकर मार दी।

**पेरेंट्स को बुलाने कहा, उसने दोस्तों को बुला लिया:** शोर सुनकर सभी लोग घर से बाहर निकले। बुलेट सवार युवक नीचे गिरा पड़ा था, जिसे हमने उठाया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोक्ष राय बताया। हमने उससे कहा कि अपने पेरेंट्स को बुलाओ, लेकिन उसने इसकी जगह अपने दोस्तों को फोन कर दिया।करीब 10 मिनट बाद आधा दर्जन युवक वहां पहुंच गए और बातचीत करने की बजाय पिटाई शुरू कर दी।


शिकायत के मुताबिक बदमाशों ने बिल्डर के घर घुसकर जमकर हंगामा किया। घटना के बाद पीड़ित परिवार कोतवाली थाना पहुंचा। थोड़ी देर बाद देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। जैन समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया।

**बेस बैट और डंडे से की मारपीट:** ऋषभ कटारिया ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मारपीट करने आए युवकों ने बेस बैट, रॉड और डंडे से मारपीट की है। जिससे उनके दाहिने कंधे, बाएं हाथ, कमर और सिर पर चोट आई है। साथ ही उनके बड़े भाई प्रीतेश कटारिया, अखिलेश कटारिया, छोटे भाई सुरेश और पिता बसंत कटारिया को भी चोटें आई हैं। घर में काम करने वाले सुपरवाइजर और परिवार की महिलाओं से भी मारपीट की गई है।

**मारपीट करने वाले 3 युवकों को पकड़ा:** जानकारी के मुताबिक लड़के मारपीट कर रहे थे। तभी आसपास के लोग जमा हो गए और उनमें से तीन लोगों को पकड़ लिया। जबकि बाकी साथी भाग निकले। इन लोगों ने अपना नाम मोक्ष राय, राजदीप आर्य और संजू भारती बताया। देर रात सिटी कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तीनों को हिरासत मे ले लिया।

# ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

## काम पर जाने के लिए निकला था, हादसे में भाई की जा चुकी है जान



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में सोमवार को तेज रफ्तार ट्रेलर के बाइक को चक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार अभिषेक (27) की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपने घर से काम पर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है।

बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले ही मृतक के भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार में दो-दो जवान बेटों की मौत से अब दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

**तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मारी:** नयापारा निवासी अभिषेक वर्मा उर्फ शुभम ड्राइवर था। वो सोमवार की सुबह अपनी बाइक लेकर गुंबर चौक की ओर गया था। घर में वह काम पर जाने के लिए निकला था। अभी वह गुंबर चौक के पास पहुंचा था। उसी समय रायपुर तरफसे आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद शव की पहचान कर परिजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**घर का इकलौता कमाने वाला था युवक:** सिरगिट्टी थाना प्रभारी विजय चौधरी ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाकर आरोपी चालक को सकरी से पकड़ लिया है। पूछताछ में पता चला है कि युवक अपने घर का इकलौता कमाने वाला था।

**दो जवान बेटों की मौत से सदमे हैं माता-पिता:** संजय वर्मा के दो पुत्र थे, जिसमें से बड़े पुत्र की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार अभी उस सदमे से उबर नहीं पाया था कि सोमवार को हुई दुर्घटना मे छोटे बेटे की मौत हो गई। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे पिता अपने बेटे के शव को देख बिलख पड़े। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां बिशनबाई बेहोश हो गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**मासूम के सिर से उठा पिता का साया:** मृतक अभिषेक का एक बेटा है, जिसे एक साल पूरा करने में तीन दिन बाकी है। वह अपने बेटे के जन्म दिन मनाने की तैयारी में लगा था। लेकिन इस हादसे में मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया छीन गया।

## लखपती दीदी योजना पर अभिसरण कार्यशाला हुआ आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, मनेन्द्रगढ़ निप्र।** विकासखंड मनेंद्रगढ़ की जनपद सभा कक्ष अमृत सदन में आज लखपती दीदी योजना पर अभिसरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें कृषि विभाग पशु विभाग मत्स्य विभाग उद्यानिकी विभाग एसबीएम और महिला बाल विकास विभाग के लोग शामिल थे।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लखपती दीदी योजना के तहत मिलने वाले लाभ और योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला में नागपुर घुटरा चौनपुर और केल्हारी संकुल के पीआरपी और चयनित केडर के दीदीयों ने प्रशिक्षण में भाग लिया था। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित प्रतिभागियों को योजना का अधिकतम लाभ उठाने के तरीके समझाए। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास पर भी चर्चा की गई।कार्यशाला के माध्यम से यह उम्मीद की जा रही है कि लाभार्थी महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने परिवारों और समुदायों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

## रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली लाश, पेंट की जेब से चाबी और चार्जर मिला



**जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के नैला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म 4 के रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। अभी पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखा गया है।

मिली जानकारी अनुसार, नैला रेलवे स्टेशन मास्टर ने मंगलवार की सुबह जीआरपी को सूचना दी। एक युवक की रेलवे ट्रैक पर लाश पड़ी है। जीआरपी मौके पर पहुंची। युवक की पहचान के लिए शव की तलाशी ली गई। पहचान के लिए कोई कार्ड नहीं मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक के पेंट की जेब से बाइक की चाबी और एक मोबाइल चार्जर मिला है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। मृत युवक की पहचान के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है।

# राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार एवं डाईट मनी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ाई गई

## वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिये खिलाड़ी कर सकते है आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियोंध् प्रशिक्षकोंध् निर्णायकोंध् को प्रदान किये जाते है। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग में शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, जूनियर वर्ग में शहीद कौशल यादव पुरस्कार, विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चौम्पिनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरूष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान, प्रशिक्षकों ध् निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान, तथा सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई प्रदान की जावेगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 601 अप्रैल से 31 मार्च तक 02 वर्ष8 जिन खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हैए वे खिलाड़ी जिला कार्यालय एवं अपने खेल संघो से आवेदन फार्म प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। इसी प्रकार खेलवृत्ति 6डाईट मनी8 के लिए जिन खिलाड़ियों ने अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया होए खेलवृत्ति हेतु आवेदन कर सकेंगें खेलवृत्ति हेतु अधिकतम आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खेल संघो से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2021 एवं 2022 601 अप्रैल से 31 मार्च दो वर्ष के लिये8 अर्जित की गई उपलब्धि के लिए प्रेरणा निधि के आवेदन जिला कार्यालय या संचालनालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगे। पुरस्कार, नगद राशि, खेल वृत्ति एवं प्रेरणा निधि के आवेदन जिला कार्यालय एवं राज्य खेल संघो से प्राप्त किये जा सकते हैं। शहीद पंकज विक्रम सम्मान के आवेदन संघो के माध्यम से नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत राज्य खेल संघों की अनुशंसा सहित प्राप्त किये जायेंगे। खेल संघ पृथक.पृथक वर्षवार दो पुरस्कारों यएक महिलाए एक पुरूष खिलाड़ीद्ध के लिये वरीयता के आधार पर 2-2 खिलाड़ियों के नाम की अनुशंसा कर सकेंगे। जिला कार्यालयध्संचालनालय में राज्य खेल संघो से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है आवेदन पत्रों का प्रारूप विज्ञापन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। खिलाड़ी खेल संबंधी विवरण प्रस्तुत करते हुए 10 जुलाई 2024 तकए कार्यालयीन समय में संचालनालयए खेल एवं युवा कल्याणए सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियमए जी. ई. रोड़, रायपुर या खेल विभाग सूरजपुर में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं।

## सड़क हादसे में 2 की मौत, 3 गंभीर, ड्राइवर गिरफ्तार

**रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के गेरवानी के पास कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार ड्राइवर समेत 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात में क्रेटा कार में ड्राइवर सुरेन्द्र पैकरा के साथ हर्ष अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, दीपांशु मित्तल और तनय मित्तल घरघोड़ा की ओर जा रहे थे। तभी गेरवानी के पास घरघोड़ा की तरफसे आ रहे ट्रक ने कार को ठोक दिया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के सामने का हिस्सा पूरा क्षतिग्रस्त हो गया।

**इलाज के दौरान युवती की मौत:** मामले की जानकारी मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान आयुषी की मौत हो गई और अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# कुएं में मिली बच्ची की लाश

## 2 दिन पहले गायब हुई थी 24 दिन की नवजात, परिजन बोले- भूत उठा ले गया होगा





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 24 दिन की दुधमुंही बच्ची की घर के पास बने कुएं में लाश मिली है। बताया जा रहा है कि बच्ची घर में मां के साथ सो रही थी, लेकिन दो दिन पहले आधी रात को रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। इस पर परिजन हैरानी भरी बातें कहते रहे। वे भूप-प्रेत पर बच्ची को उठा ले जाने की आशंका जता रहे थे। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक बच्ची की मां देर रात करीब 2 बजे उसे दूध पिलाने के लिए उठी, तो बच्ची को बिस्तर पर न पाकर घबरा गई। इसके बाद उसने अपने पति और परिवार के दूसरे सदस्यों को इसकी जानकारी दी। बच्ची के बारे में पूछताछ करने लगी, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।

**कमरे में ही बाकी सदस्य भी सो रहे थे:** एसडीएम हेडक्वॉर्टर उड्डयन बेहार ने बताया कि किरारी गांव में करण गोयल और हसीन गोयल के घर बच्ची का जन्म हुआ था। वह करीब 24 दिन की थी। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि वह रविवार रात नवजात बच्ची को लेकर कमरे में सो रही थी। उसकी दो बच्चियां, पति और परिवार के दूसरे सदस्य भी उसी कमरे में सो रहे थे।

**मोहल्ले में होती रही बच्ची की तलाश:** रात को वह दूध पिलाने उठी तो बच्ची गायब मिली। इसके बाद उसने परिवार को जानकारी दी। घबराए परिजनों ने घटना की जानकारी मोहल्ले के लोगों के साथ ही पुलिस को भी दी। बच्ची के गायब होने की खबर मिलते ही मोहल्ले के लोग भी सकते में आ गए।

**अंदर से दरवाजा बंद था, तो बच्ची गायब कैसे हुई:** पुलिस ने बताया कि घर का एक ही दरवाजा है और छत का रास्ता है, जिस कमरे में महिला और बच्ची सो रही थी, उसका दरवाजा महिला ने ही खुद बंद किया था। उसकी नींद खुली, तब बच्ची गायब मिली। लेकिन, कमरे का दरवाजा बंद मिला। ऐसे में बिना दरवाजा खोले बच्ची आखिर कैसे गायब हुई, यह बड़ा सवाल है।

**दो दिन बाद कुएं में मिला बच्ची का शव:** मस्तूरी पुलिस की टीम के साथ ही एसएफएज, डॉग स्क्वॉड और एसीसीएन की टीम जांच कर रही थी, इसी दौरान बच्ची की लाश पास के ही कुएं में पाई गई। डेडबॉडी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**महिला की पहले से दो बेटियां हैं:** करण गोयल के भाइयों का मकान भी आसपास ही है। वे दोनों कमाने बाहर गए हैं। बच्ची के लापता होने पर परिजनों ने भूत-प्रेत की आशंका जताई थी। वहीं, पुलिस को परिवार के लोगों पर ही हत्या करने का शक है। जांच के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

# सड़क पर जन्मदिन मनाने से रोका तो आरक्षक को पीटा

**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में युवकों ने प्रधान आरक्षक के घर में घुसकर मारपीट कर दी। पुलिसकर्मी ने युवकों को बीच सड़क पर जन्मदिन मनाने से रोका था। इस दौरान पुलिसकर्मी और युवकों के बीच बहस हुई थी। जैसे-तैसे मामला शांत हुआ। लेकिन, इसके बाद युवक पुलिसकर्मी के घर तक पहुंच गए और हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने 7 युवकों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार की रात शराब के नशे में कुछ युवक बीच सड़क पर जन्मदिन सेलिब्रेट करते हुए उत्पात मचा रहे थे। सूचना मिलते ही करंजी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह मौके पर पहुंचे और युवकों को समझाया। लेकिन युवक पुलिसकर्मी से ही बहस करने लगे।

**घर में घुसकर की मारपीट:** इसके बाद प्रधान आरक्षक अपने घर विश्रामपुर पहुंचे, लेकिन लगभग 12 युवक प्रधान आरक्षक का पीछा करते हुए उनके घर तक जा पहुंचे। आरोपी घर के अंदर घुसकर उनके साथ बदतमीजी और मारपीट करने लगे।

**पुलिस ने 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार:** प्रधान आरक्षक ने विश्रामपुर थाने में मामले की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और 7 युवकों को गिरफ्तार किया है। बाकी भागने में सफल हो गए। पुलिस आरक्षक की शिकायत पर थ्स् दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। एसपी एमआर अहीर ने कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# नासा ने शेयर की ट्रिस्टन दा कुन्हा आईलैंड की फोटो



**अमरीका।** नासा ने दुनिया के सबसे दूर-दराज स्थित एक आइलैंड का फोटो शेयर किया है. इस आइलैंड को ट्रिस्टन दा कुन्हा नाम से जाना जाता है. यह आइलैंड दुनिया का सबसे दूरस्थ आबादी वाला द्वीप है, जहां पर मनुष्यों से ज्यादा समुद्री पक्षी निवास करते हैं. यह द्वीप दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित द्वीप समूह का हिस्सा है जो दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के बीच लगभग आधे रास्ते पर मौजूद है.

नासा इस द्वीप का इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए लंबा लेख लिखा है, जिसमें द्वीप के बारे में वृहद जानकारी दी गई है. फोटो में इस आइलैंड का हवाई नजारा देखा जा सकता है. इस द्वीप समूह की फोटो लैंडसैट-9 द्वारा 24 मई 2023 को क्लिक की गई थी. Landsat-9 सैटेलाइट को अमेरिका के कैलिफॉर्निया से साल 2021 में लॉन्च किया गया था. इसे अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट के तौर पर जाना जाता है, जिसका काम पृथ्वी का निरीक्षण करते रहना है.

# योजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें-मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बैठक में सिंहस्थ - 2028 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना के अंतर्गत क्षिप्रा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने की योजना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों के निर्माण, सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह योजना और क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित 18 बैराजों के निर्माण और क्षिप्रा नदी पर स्नान आदि के बेहतर प्रबंध के लिए घाटों के निर्माण तथा विकास के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। यह भी ध्यान रखा जाए कि निर्माण कार्य चलने से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो। बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से कार्यों की प्रगति का विवरण दिया गया। इसके अंतर्गत क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के निर्माण में ऐसे पत्थर एवं सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए जो दीर्घकाल तक उपयोगी हों। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास विभाग डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला उपस्थित थे।


# जनता ने हमारी 10 साल की सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा, संसद में बोले मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे हैं। लेकिन जब पीएम मोदी ने बोलना शुरू किया तो विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया है। स्पीकर ओम बिरला की तरफ से विपक्ष को चेतावनी भी दी गई। उन्होंने कहा कि ये कोई तरीका नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी और तुष्टिकरण की गवर्नेंस का मॉडल भी देखा है। हम तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं। जब हम संतुष्टिकरण की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। जब हम सैचुरेशन के सिद्धांत की बात करते हैं तो ये सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय और सेक्यूलरिज्म होता है और इस पर देश की जनता ने हमें तीसरी बार बैठाकर मुहर लगा दी है। पीएम मोदी ने लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जनता ने हमारी 10 साल की सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमने जनसेवा ही ईश्वर सेवा को मंत्र बनाकर काम किया है। आज विश्व में भारत का गौरव हो रहा है। दुनिया में साख बढ़ी है। हमारा एकमात्र लक्ष्य नेशन फर्स्ट है। 10 साल में हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर के सबका कल्याण करने का प्रयास करती रही है। देश ने हमें भ्रष्टाचार को लेकर जो जीरो टॉलरेंस नीति है, उसके लिए आशीर्वाद दिया है इससे पहले लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण संबंधी धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुराग ठाकुर ने की थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर कई आरोप लगाए थे। उन्होंने भाजपा पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि 'ये लोग हिंदू नहीं हैं%। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है।

# दिल्ली के हयात रीजेंसी होटल की गिरी शेड, कपल घायल, फोर्टिस अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली में एक फाइव स्टार होटल, हयात रीजेंसी में एक अस्थायी शेड गिर गई जिससे दो लोग घायल हो गए। सोमवार रात 8 बजे हुई इस घटना में दंपत्ति के सिर में मामूली चोटें आईं। यह घटना दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत का एक हिस्सा गिरने के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने एक बयान में कहा, (सोमवार को) रात करीब 8.56 बजे पीएस (पुलिस स्टेशन) आरके पुरम में छत गिरने/हयात रीजेंसी में रहने वाले पति-पत्नी के घायल होने के बारे में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस ने कहा कि दंपति, अमित जैन (42) और उनकी पत्नी रेवा जैन (32) ने कहा है कि वे फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। अमित और रेवा पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं और चंडीगढ़ में कारोबार चलाते हैं। पुलिस ने कहा कि दंपति होटल के भूतल पर स्थित पूल के पास खड़े थे, तभी शेड का एक हिस्सा ढह गया और उन पर गिर गया। रिपोर्ट के अनुसार, दंपति ने बाद में पीसीआर कॉल की और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# संजय राउत ने राहुल गांधी के भाषण का समर्थन किया





नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद में की गई टिप्पणी से इन दिनों देश की सियासत गरमाई हुई है। एक ओर जहां बीजेपी राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है तो दूसरी ओर शिवसेना राहुल गांधी के समर्थन में उतर आई है। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कांग्रेस नेता के शब्दों का समर्थन करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता बीजेपी द्वारा चित्रित नकली हिंदुत्व के साथ नहीं हैं। संजय राउत ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, कल राहुल गांधी जी ने कहा कि हिंदुत्व भाजपा के बराबर नहीं है। हिंदुत्व नफरत फैलाने को बढ़ावा नहीं देता है। हम भाजपा द्वारा चित्रित नकली हिंदुत्व के साथ नहीं हैं। राहुल गांधी की टिप्पणी के अनुरूप शिवसेना नेता ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने संसद में कहा था कि हिंदुत्व एक बहुत व्यापक शब्द है। उन्होंने कहा, उन्होंने हिंदुओं के बारे में कुछ भी गलत नहीं कहा। जो लोग खुद को हिंदू मानते हैं, उन्हें फिर से सुनना चाहिए कि राहुल गांधीजी ने कहा था कि हिंदुत्व एक बहुत व्यापक शब्द है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे नहीं समझेगी।

सोमवार को लोकसभा में राहुल

# खड़गे बोले- मुझे अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी

नई दिल्ली। संसद सत्र के सातवें दिन (2 जुलाई) को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस हुई। खड़गे ने बहस के बीच धनखड़ से कहा कि मुझे कांग्रेस अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी हैं, आप नहीं। इसके जवाब में सभापति धनखड़ ने खड़गे से कहा कि आपको किसने बनाया, ये आप जाने, लेकिन आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में चेयर के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति धनखड़ की मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के साथ बहस हुई। धनखड़ ने कहा कि जयराम रमेश बार-बार उन्हें टोक रहे थे। जब जयराम खुद बोलने के लिए खड़े हुए तो धनखड़ ने कहा, जयराम रमेश, आप समझदार हैं, आप प्रतिभासंपन्न हैं, गुणवान हैं, आपको तो तुरंत आकर खड़गे की जगह ले लेनी चाहिए क्योंकि आप खड़गे का ही काम कर रहे हैं। इस पर खड़गे ने कहा, 'देखिए, ये वर्ण व्यवस्था जो आपके दिमाग में छपी हुई है, उसे यहां बीच में मत लाइए।

# महाराष्ट्र के कॉलेज ने कैंपस में जींस, टी-शर्ट और जर्सी पहनने पर लगाया बैन

मुंबई। महाराष्ट्र के एक कॉलेज ने कैंपस में जींस पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया है। चेंबूर के आचार्य मराठे कॉलेज की ओर से जारी आधिकारिक नोट में कहा गया है कि जींस पहनने वाले छात्रों को कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। नोटिस में यह भी कहा गया है कि पुरुष छात्रों को औपचारिक पोशाक में कॉलेज आना चाहिए। नोटिस में कहा गया है कि छात्राओं को जातीय या पश्चिमी पोशाक पहनने की अनुमति दी गई है। हालांकि, ऐसी कोई भी पोशाक जिससे उनका धर्म पता चले, उसे पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नोटिस में कहा गया है, छात्र हाफ शर्ट या फुल शर्ट और ट्राउजर पहन सकते हैं। लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहन सकती हैं। छात्र ऐसी कोई पोशाक नहीं पहनेंगे जो धर्म का खुलासा करती हो या सांस्कृतिक असमानता दिखाती हो। इसमें कहा गया है, नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी, बैज आदि को ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम में जाते समय उतारना होगा और उसके बाद ही वे कॉलेज परिसर में घूम सकेंगे। फटी जींस, टी-शर्ट, खुले कपड़े और जर्सी पहनने की अनुमति नहीं है। इस बीच, कुछ छात्र जो नोटिस जारी होने के दिन कॉलेज नहीं आये थे, उन्हें अगले दिन नए ड्रेस कोड के कारण परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार, कॉलेज की कम से कम नौ छात्राओं ने कॉलेज के आदेश के खिलाफ मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, उनकी याचिका खारिज कर दी गई।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सीबीआई को जारी किया नोटिस



नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सीबीआई से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई मंगलवार को न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही थी। पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 17 जुलाई के लिए निर्धारित की। उच्च न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल के वकील दो दिन के भीतर प्रत्युत्तर (यदि कोई हो) दाखिल कर सकते हैं। अपनी गिरफ्तारी के अलावा आप के राष्ट्रीय संयोजक ने ट्रायल कोर्ट के 26 जून और 29 जून के आदेशों को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें क्रमश- तीन दिन की सीबीआई हिरासत और 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। 55 वर्षीय केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था

जहां वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले

# हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत



उत्तरप्रदेश। यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 122 लोगों की मौत हो गई। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। हादसे के बाद हालात भयावह है। अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े हैं। हाथरस के सिकंदराराऊ में लाशों को गिना। यहां 95 लाशें बिखरी पड़ी हैं। वहीं, एटा के उमेश त्रिपाठी ने बताया- हाथरस से अब तक 27 शव एटा लाए गए। इनमें 25 महिलाएं और 2 पुरुष हैं। सत्संग में 20 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी। हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। ष्टरूयोगी ने मुख्य सचिव मनोज सिंह और प्रशांत कुमार को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया। घटना की जांच के लिए आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई है। सत्संग खत्म हो गया था। एक साथ लोग निकल रहे थे। हॉल छोटा था। गेट भी पतला था। पहले निकलने के चक्कर में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस वजह से 150 से अधिक लोग घायल हो गए। हाथरस हादसे पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा- यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हम कुछ सीखते नहीं है। भीड़ एकत्रित कर लेना सबसे आसान होता है, लेकिन भीड़ के प्रबंधन के अभाव में आज क्या हुआ? आप अपनी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं करेंगे।

यह संवेदनशीलता अगर नहीं होगी तो इसी तरह

## राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेर-बदल, मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित छह आईएएस अधिकारियों का तबादला

**जयपुर( एजेंसी )।** राज्य में एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल में राजस्थान में भजन लाल सरकार ने मंगलवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित छह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों का तबादला कर दिया। कार्मिक विभाग ने अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किये। इनमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत प्रवीण गुप्ता को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। संदीप वर्मा, जो पहले पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव थे, अब राजस्थान राज्य भंडारण निगम के सीडब्ल्यूडी के रूप में काम करेंगे। वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के पूर्व सीएमडी नवीन महाजन को नया मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति आदेश की प्रतीक्षा कर रहे रोहित गुप्ता को उद्योग एवं सीएसआर और निवेश संवर्धन ब्यूरो का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

## राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक, असत्यवादी एवं नफरतवादी की संज्ञा देकर किया है उनका अपमान: भजनलाल



**जयपुर( एजेंसी )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए बयान पर कहा है कि राहुल ने हिन्दुओं को हिंसक, असत्यवादी और नफरतवादी की संज्ञा देकर हिन्दुओं का अपमान करने का काम किया हैं। श्री शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्री गांधी ने झूठ बोला और संसद के पटल पर हिन्दुओं को हिंसक, असत्यवादी और नफरतवादी की संज्ञा दी और देश के 125 करोड़ हिन्दुओं को अपमान करने का काम कर रहे हैं तथा उन्होंने बार बार हिन्दुओं को अपमान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि श्री गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह पहला भाषण ही झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों को लेकर था।

## राशिद इंजीनियर को संसद में शपथ लेने के लिए 2 घंटे की पैरोल

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सांसद राशिद इंजीनियर को 5 जुलाई को संसद में शपथ लेने के लिए दो घंटे की कस्टडी पैरोल दे दी है। उन्होंने सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत या हिरासत पैरोल की मांग की थी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राशिद की अंतरिम जमानत याचिका। राशिद, जिन्हें 2017 के जम्मू-कश्मीर आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है, ने शपथ लेने और अपने संसदीय कार्य करने के लिए अंतरिम जमानत या हिरासत पैरोल की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था।

यहां एक विशेष अदालत ने 22 जून को

## भागवत ने की मां विंध्यवासिनी की पूजा अर्चना

**मिर्जापुर( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां विंध्याचल में विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर पूजन किए। उनके यहां पहुंचने से पहले धार्मिक अनुष्ठान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। दर्शन पूजन का सारा कार्यक्रम स्थानीय भाजपा विधायक एवं धाम के पुरोहित रत्नाकर मिश्र एवं उनके साथियो की टीम ने सम्पन्न कराया गया। श्री भागवत दो दिवसीय प्रवास पर आए थे। इससे पहले श्री भागवत ने महुआरी गांव में स्थित हंस बाबा के देवरहवा बाबा आश्रम में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विधिवत विधि विधान से पूजन किया तथा 151 मन बूंदी लड्डू का भोग लगाया ।हाल के दिनों में हनुमान जी के लिए चौथी बार यहां आए। असल में हंस बाबा के साथ आश्रम में स्थित हनुमान जी के प्रति अटूट आस्था है ।जब भी उन्हें समय मिलता है। वाराणसी या आस पास प्रवास के लिए आते हैं तो वे हनुमान पूजा के लिए अवश्य यहां आते हैं ।दो साल के अंदर वे चौथी बार पूजन किया ।आर?एस?एस सूत्रों ने बताया कि श्री भागवत की हनुमान जी के प्रति अपार श्रद्धा है। पूजन कार्यक्रम पंडितों की टीम द्वारा संपादित कराया जाता है।



## राष्ट्रपति मुर्मु से मिले शाह और सहयोगी मंत्री

**नयी दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु से भेंट की। श्री शाह ने सोसल मीडिया पर बताया कि उनके साथ गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय और बंडी संयज तथा सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री कृष्ण पाल और मुरलीधर मोहोल भी राष्ट्रपति से मिले। श्री शाह ने श्रीमती मुमु के साथ अपनी और सहयोगी मंत्रियों की भेंट की फोटो भी साझा की।

## भाजपा का मतलब हिंदुत्व नहीं, राहुल के बयान का उद्धव ठाकरे ने किया समर्थन

### कहा- हम भी जय श्री राम के नारे देते हैं



**मुंबई( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के भाषण पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने(राहुल गांधी) क्या गलत कहा? हम भी जय श्री राम के नारे देते हैं तो वो चलता है लेकिन भाजपा के अलावा कोई कहे तो ये अपराध है? मैं नहीं मानता कि राहुल गांधी ने कल हिंदुत्व का अपमान किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा का मतलब हिंदुत्व नहीं है। हम भी हिंदू हैं और हममें से कोई भी हिंदुत्व का अपमान नहीं करेगा और हिंदुत्व का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा, और राहुल गांधी भी उसमें शामिल हैं। भाजपा का मतलब हिंदुत्व नहीं है, हमारा हिंदुत्व पवित्र है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि ये लोग हिंदू नहीं हैं, जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाये गए धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। राहुल गांधी ने कहा कि ये अहिंसा का देश है, ये डर का देश नहीं है। भगवान शिव कहते हैं- डरो मत, डराओ मत। वे अहिंसा की बात करते हैं। जो अपने आप को हिंदू कहते हैं कि वे 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं, नफरत की बात करते हैं। आप (भाजपा) हिंदू हो नहीं। उनका कहना था, हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए, सत्य से नहीं डरना चाहिए। अहिंसा हमारा प्रतीक है।

# भारतीय टीम इस दिन पहुंचेगी दिल्ली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका को फाइनल में मात देकर भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया है। लेकिन वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम अभी तक स्वदेश नहीं लौटी है। दरअसल, बारबाडोस के तूफान ने उनकी उम्मीदों और फैंस के इंतजार पर पानी फेर दिया है।

जिस कारण से टीम को अभी भी वहीं रुकना पड़ा है। हालांकि, अब एक अच्छी खबर है कि टीम इंडिया जल्द ही दिल्ली पहुंचेगी। बारबाडोस में रविवार की रात को काफी तेज बारिश हुई, जिस कारण सोमवार को तेज तूफान के कारण सरकार ने पूरे बारबाडोस में सभी एयरपोर्ट बंद कर दिए और कर्फ्यू का ऐलान कर दिया। रात आठ बजे तक टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को होटल के कमरों में बंद होना पड़ा। लेकिन अब दैनिक जागरण के पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक 3 जुलाई शाम 7.30 बजे तक टीम इंडिया दिल्ली पहुंच जाएगी। अभिषेक त्रिपाठी ने अपने ङ्म पर लिखा कि, भारतीय टीम मंगलवार को शाम 6 बजे (लोकल) बारबाडोस से दिल्ली के लिए चार्टर से रवाना होगी। बीसीसीआई ने विशेष चार्टर से उनके भारत लौटने की व्यवस्थान की है। यहां अब तूफान थम गया है।

# टी वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम इस दिन पहुंचेगी दिल्ली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका को फाइनल में मात देकर भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया है। लेकिन वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम अभी तक स्वदेश नहीं लौटी है। दरअसल, बारबाडोस के तूफान ने उनकी उम्मीदों और फैंस के इंतजार पर पानी फेर दिया है।

जिस कारण से टीम को अभी भी वहीं रुकना पड़ा है। हालांकि, अब एक अच्छी खबर है कि टीम इंडिया जल्द ही दिल्ली पहुंचेगी। बारबाडोस में रविवार की रात को काफी तेज बारिश हुई, जिस कारण सोमवार को तेज तूफान के कारण सरकार ने पूरे बारबाडोस में सभी एयरपोर्ट बंद कर दिए और कर्फ्यू का ऐलान कर दिया। रात आठ बजे तक टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को होटल के कमरों में बंद होना पड़ा। लेकिन अब दैनिक जागरण के पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक 3 जुलाई शाम 7.30 बजे तक टीम इंडिया दिल्ली पहुंच जाएगी। अभिषेक त्रिपाठी ने अपने एक्स पर लिखा कि, भारतीय टीम मंगलवार को शाम 6 बजे (लोकल) बारबाडोस से दिल्ली के लिए चार्टर से रवाना होगी। बीसीसीआई ने विशेष चार्टर से उनके भारत लौटने की व्यवस्थान की है। यहां अब तूफान थम गया है।

# अफरीदी ने की भारतीय कप्तान रोहित की तारीफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी20 विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के दौरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा की भाव भंगिमा (बॉडी लैंग्वेज) की प्रशंसा की। भारत ने ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में खेले गये फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से शिकस्त दी। भारत 2007 के बाद दूसरी बार टी20 विश्व चैम्पियन बना है जबकि पाकिस्तान का अभियान शुरुआती चरण में ही भारत और अमेरिका से हार के साथ खत्म हो गया था। पाकिस्तान के लिए 398 एकदिवसीय और 99 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले अफरीदी ने कहा, ''देखिए, एक कप्तान की भूमिका हमेशा बहुत महत्वपूर्ण होती है। कप्तान की भाव भंगिमा टीम पर प्रभाव डालती है। कप्तान को उदाहरण स्थापित करना होता है। रोहित शर्मा को ही देख लीजिए।'' अफरीदी ने कहा कि रोहित ने अपनी आक्रामक शैली से टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा, ''अब, उनके (रोहित के) खेल और उनकी खेलने की शैली को देखें, निचले क्रम के बल्लेबाज भी बेखौफ होकर खेलते हैं क्योंकि उनका कप्तान आक्रामक क्रिकेट खेलना पसंद करता है। इसलिए, मैं हमेशा मानता हूं कि कप्तान कीबहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।'' पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के ससुर अफरीदी ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को राष्ट्रीय चयन समिति को टीम का कप्तान नियुक्त करने का अधिकार देना चाहिए। उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं पता कि पीसीबी अध्यक्ष के मन में अब क्या है। मैं यह देखने का भी इंतजार कर रहा हूं कि क्या बदलाव किए जाएंगे लेकिन मैंने हमेशा टीम का समर्थन किया है और ऐसा करता रहूंगा।

# सैमसन, जायसवाल और शिवम दुबे की जगह इन तीन खिलाड़ियों को मिला मौका

नई दिल्ली। भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे के लिए पुरुष चयन समिति ने पहले दो टी20आई के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को टीम से बाहर कर दिया है। अब इन तीन खिलाड़ियों की जगह साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को टीम में पहले दो टी20 मैच के लिए शामिल किया गया है। दरअसल, मौजूदा समय में सैमसन, जायसवाल और दुबे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के साथ बारबाडोस में ही हैं। मौसम खराब होने के कारण ये खिलाड़ी स्वदेश नहीं लौट पाए, जिस कारण इन तीनों की जगह बोर्ड ने साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को मौका दिया है। 22 वर्षीय बल्लेबाज सुदर्शन भारत के लिए तीन वनडे खेल चुके हैं, जिसमें 63.50 की औसत से 127 रन बनाए। उन्होंने दिसंबर 2023 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वहीं 30 वर्षीय जितेश शर्मा ने 9 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 100 रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में डेब्यू किया था। वहीं, 22 वर्षीय हर्षित राणा पहली बार भारतीय टीम में चुने गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में जबर्दस्त छाप छोड़ी थी। बता दें कि, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल बारबाडोस से







स्वदेश लौटेंगे और फिर जिम्बाब्वे सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों के लिए रवाना होंगे। सैसमन और यशस्वी को टी20 वर्ल्ड कप में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। दुबे को जिम्बाब्वे सीरीज के लिए नितीश रेड्डी के रिप्लेसमेंट के तौर पर जगह मिली। नितीश चोटिल होने के कारण दौरे से बाहर हो गए। एनसीए के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में जिम्बाब्वे दौरे के लिए अन्य भारतीय खिलाड़ी रवाना हो चुके हैं। वहीं टीम की अगुवाई शुभमन गिल के हाथों में होगी। टी20 वर्ल्ड कप के लिए रिजर्व रहे गिल ब्रेक पर थे। वह अमेरिका से सीधे हरारे में टीम से जुड़ेंगे। युवा खिलाड़ी रियान पराग और अभिषेक शर्मा को पिछले आईपीएल में उनके प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज युवाओं को भविष्य की सीरीज के खिलाफ टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका देगी। शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।

# सीरिज की लाइव स्ट्रीमिंग से यहां देख सकते हैं, 6 जुलाई से सीरीज का आगाज



भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। अब टीम इंडिया का अगला लक्ष्य जिम्बाब्वे दौरा है। जहां दोनों टीमें के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज 6 जुलाई से खेली जाएगी। इसके लिए टीम का ऐलान टी20 वर्ल्ड कप के बीच ही हो गया था। लेकिन इस सीरीज से पहले कई फैंस के मन से सवाल है कि भारत बनाम जिम्बाब्वे टी20 सीरीजी की लाइव स्ट्रीमिंग कहां होगी। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क भारत और जिम्बाब्वे मैचों का टीवी प्रसारण करेगा। इस सीरीज का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (हिन्दी) एसडी और एचडी, सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 (तमिल/तेलुगु) और सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 एसडी और एचजी पर किया जाएगा। भारत में इस सीरीज का लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप और वेबसाइट पर उलब्ध होगी। ऑनलाइन माध्यम से ये मैच देखने के लिए आपको सोनी लिव एप का सब्सक्रिप्शन लेना पड़ेगा।

# वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हार के बाद पद छोड़ना चाहते थे राहुल द्रविड़




नई दिल्ली। भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब 29 जून को अपने नाम र दिया है। लेकिन अभी तक इसकी खुशी टीम इंडिया के साथ-साथ पूरे देशवासियों के चेहरे पर नजर आ रही है। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी इस टूर्नामेंट के साथ खत्म हो गया है। अब वह भारतीय टीम के हेड कोच नहीं रहे हैं। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि, पिछले साल ऑस्ट्रेलिया से वनडे वर्ल्ड कप 2023 हारने के बाद वो अपना पद छोड़ना चाहते थे, लेकिन रोहित शर्मा की एक कॉल ने सबकुछ बदल दिया। बीसीसीआई टीवी पर राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा को लेकर कहा कि, थैंकू यू रो, मुझे नवंबर में वो कॉल करने के लिए और मुझे रुकने के लिए कहने के लिए। मुझे लगता है कि टीम इंडिया में हर एक शख्स के साथ काम करना गर्व की बात है, मैं हर एक शख्स के लिए शुक्रगुजार हूं लेकिन रो तुमको शुक्रिया अपना इतना समय देने के लिए एक कप्तान के तौर पर। कई बार हमने बात की, हमनें कई चीजों पर चर्चा की, कई बातों पर हम सहमत थे, कई बातों पर हम एक- दूसरे से सहमत नहीं थे, लेकिन इन सबके बाद तुमको बहुत-बहुत शुक्रिया। इस ग्रुप में हर शख्स को जानना काफी शानदार रहा। राहुल द्रविड़ खिलाड़ी के तौर पर वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए हैं, लेकिन क्रिकेटर के तौर पर उन्होंने टीम इंडिया के लिए जो कुछ किया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। टीम इंडिया ने ये जीत अपने हेड कोच को भी डेडिकेट की। टीम इंडिया की वर्ल्ड कप जीत पर जिस तरह से राहुल द्रविड़ ने एग्रेशन दिखाया था, उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया था। राहुल द्रविड़ आमतौर पर शांत रहना पंद करते हैं, लेकिन इस जीत ने उनके अंदर के बच्चे को भी जगा दिया था। और वो किसी 5 साल के बच्चे के तरह की चिल्लाते हुए और खुशी मनाते हुए दिखे थे।

# सुपरबेट क्लासिक शतरंज के आखिरी चार दौर में प्रज्ञानानंदा और गुकेश लगायेंगे शीर्ष पर पहुंचने का जोर

नई दिल्ली। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के अपने-अपने मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा। नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है। छठे दौर में उनके सामने रोमानिया के बोगदान-डेनियल की चुनौती होगी। प्रज्ञानानंदा को इस मुकाबले में जीत का दावेदार माना जा रहा है क्योंकि वह सफेद मोहरों के साथ खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश के सामने छठे दौर में वाचिएर-लाग्रेव की चुनौती होगी। इस दौर में गुकेश काले मोहरों से खेलेंगे।



# भारतीय महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया




**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9 . 2 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिये सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाये। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा। वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

# रोहित शर्मा के बारबाडोस की पिच की मिट्टी खाने के पीछे का क्या है राज़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेले गए भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल का मुकाबला भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता। इसके साथ ही पिछले 17 साल का सूखा खत्म कर टीम इंडिया वर्ल्ड चैंपियन बना। वहीं इस खिताब को जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बारबाडोस की पिच की मुट्टी खाई जिसके बाद चारों तरफ इसकी चर्चा थी। वहीं अब खुद रोहित शर्मा ने इसका खुलासा किया है कि आखिरकार उन्होंने मिट्टी खाई क्यों? भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद रोहित शर्मा की दो तस्वीरें सामने आईं। इन तस्वीरों में एक तो वो थी जिसमें एनरिक नॉर्खिया ने मैच की आखिरी गेंद पर डीप मिडविकेट पर सिंगल के लिए शॉट मारा, तो रोहित जमीन पर लेट गए और कई बार गेंद को पटक दिया। रोहित का दुनिया को ये बताने का तरीका था कि उनका और भारत का 13 साल का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद गले मिलना, खुशी के आंसू बहाना, चीखना-चिल्लाना, थपथपाना और डांस मूव्य ये सब कुछ करने के बाद रोहित शर्मा चुपचाप पिच के बीच की ओर चले गए, उसमें से एक टुकड़ा तोड़ा और अपने मुंह में डाल लिया। उन्हें ये सब फिर से करना बहुत अच्छा लगा, मानो मिट्टी का स्वाद उन्हें बेहद पसंद आ रहा हो। इस पर रोहित ने अपना राज़ खोला है। रोहित ने मंगलवार को बीसीसीआई के वीडियो में कहा कि,



आप जानते हैं... मैं उस पल को महसूस कर रहा था। जब मैं पिच पर गया क्योंकि उस पिच ने हमें ये दिया। हमने उस विशेष पिच पर खेला और हमने गेम जीता, वह विशेष मैदान भी। मैं अपने डीवन में उस मैदान और उस पिच को हमेशा याद रखूंगा। इसलिए मैं इसका एक हिस्सा अपने पास रखना चाहता था। तो वहां, वे पल बहुत बहुत खास हैं। वह जगह जहां हमारे सपने पूरे हुए, मैं उसका कुछ हिस्सा चाहता था इसके पीछे यही भावना थी। रोहित ने आगे कहा कि वे सहज थे। उनका कोई विशेष कारण नहीं था। रोहित ने कहा कि, देखिए, वे चीजें ठुह्द्द्दुद्य हैं, मुझे नहीं लगता कि मैं इसका वर्णन कर सकता हूं। क्योंकि कुछ भी स्क्रिप्टेड नहीं था। ये सब आप जानते हैं, जो कुछ भी सहज रूप से आ रहा था।

# जनसुनवाई में 73 प्रकरणों की हुई सुनवाई

## श्रवण बाधित 6 आवेदकों को मिली कान की मशीन





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 73 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने जनसुनवाई में कोटर तहसील अंतर्गत गोरइया निवासी मुन्ना लाल कचेर, अहिरान मोहल्ला सतना की गोहटी बाई कहार, टिकुरिया टोला के जमुना प्रसाद कुशवाहा, बजरहा टोला की उर्मिला देवी, राजेंद्र नगर सतना के बाबूलाल साकेत तथा ग्राम किटहा के हरी प्रसाद कुशवाहा को तत्काल मौके पर ही कान की मशीन उपलब्ध कराई। कान की मशीन मिल जाने से जनसुनवाई में आये आवेदकों ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# कांग्रेस कार्यालय के सामने फूंका पुतला

## राहुल गांधी के बयान पर भड़के युवा मोर्चा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** हिंदुओं के संबंध में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मंगलवार को सड़क पर उतरे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर राहुल गांधी के बयान का विरोध किया। नारेबाजी के बीच मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया।

मोर्चा जिलाध्यक्ष सौभाग्य केशरी ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत ही नहीं दुनियाभर के हिंदुओं का अपमान किया है। उन्हें इसके लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। उनके इस बयान से बहुसंख्यक हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं।

प्रदर्शनकारियों में ऋषभ सिंह छोटू, विजय तिवारी, श्यामलाल गुप्ता श्यामू, सौरभ सिंह सोमू, सुनील मिश्रा, रविन्द्र सिंह सेठी समेत भाजयुमो के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# हनुमना व चाकघाट बैरियर बंद, सुरक्षा स्क्वायड की तैनाती

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश की सीमाओं में परिवहन विभाग के आरटीओ बैरियर बंद हो गए है। इनके स्थान पर अब परिवहन सुरक्षा स्क्वायड की तैनाती हुई है। इनमें होमगार्ड के सैनिकों को परिवहन सुरक्षा स्क्वायड अधिकारी को पदस्थ किया गया। इसे लेकर मंगलवार को हनुमना व चाकघाट में एडीएम और एएसपी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि बैरियर की जगह अब परिवहन सुरक्षा स्क्वाइड होगा जो वाहनों की जांच करेगा।

गुजरात पैटर्न पर इस पर काम होगा। इसमें पारदर्शिता लाने के लिए यह पूरी तरह स्वचलित बनाया जाएगा। बता दें कि आरटीओ विभाग के बैरियर में लगातार खुले आम अवैध वसूली की शिकायत मिल रही थी।

इसे लेकर लगातार परिवहन कर्ता संघ सरकार से पत्राचार करता आ रहा था। वहीं अवैध वसूली से सरकार की छवि खराब हो रही थी। इसी को लेकर सरकार ने 30 जून से इन सभी बैरियरों को बंद कर दिया है। इनके साथ अब परिवहन सुरक्षा स्क्वायड को तैनात किया। मोबाइल स्क्वायड की होगी तैनाती: इसके अतिरिक्त वाहनों की चेकिंग के लिए मोबाइल स्क्वायड की तैनाती होगी जो कि सड़क पर चलते वाहनों पर सुरक्षा मापदंडों की जांच करेगा। सरकार का आदेश मिलने के बाद आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए गए है। साथ ही यहां काम करने वाले निजी लोगों को बाहर कर दिया गया है अब निजी व्यक्ति काम करते पाए जाने पर एफआइआर दर्ज की जाएगी।

# नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रशिक्षण संपन्न

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रशिक्षण मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी एसडीएम नीरज खरे, सुधीर बेक, एपी द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार वर्मा सहित तहसीलदार/नायब तहसीलदार उपस्थित थे।


प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. बीके गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश जारी किये गये है।

# अनुसूचित जाति के व्यक्ति स्वरोजगार स्थापित करने संत रविदास स्वरोजगार योजना का लें लाभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संत रविदास स्व-रोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना ने बताया कि जिले के शिक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे बेरोजगार युवक एवं युवतियों के स्व-रोजगार के लिए म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना प्रारंभ की गई है।

जिसमें आवेदक को स्वरोजगार परियोजनाओं के लिये एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसी प्रकार एक लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक का खुदरा व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुट्वेयर मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। यह वित्तीय सहायता 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दी जायेगी एवं म.प्र. शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी योजना अंतर्गत आवेदन करने के लिये आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होना आवश्यक है तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो। उसे जिले का निवासी होना चाहिए एवं जाति, निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। हितग्राही योजनांतर्गत पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को पेड़ में बांधकर ग्रामीणों ने पीटा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को गांव वालों की काफी प्रताड़ना झेलना पड़ी। दरअसल रात्रि में मिलने आए इस युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पेड़ में बांधकर पिटाई कर दी। इसके बाद युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है लेकिन अन्य ग्रामीणों द्वारा कोई शिकायत नहीं मिलने के कारण उसे छोड़ दिया। घटना के साथ में बताया कि मऊगंज अंतर्गत ग्राम खीरी में रहने वाले प्रेमिका से मिलने प्रेमी अवनीश सिंह निवासी नईगढ़ी जगरहन पहुंचा। इसकी भनक ग्रामीणों को लग गई है उन्होंने प्रेमी को रंगे हाथ पकड़ लिया है इसके बाद उससे पूछतांछ करने पर वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा था। इस पर ग्रामीणों ने उसे पेड़ पर बाध कर पीट दिया। इसकी जानकारी होने पर मऊगंज पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले आई, इस बीच ग्रामीणों के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होने पर पुलिस ने उसे छोड़ दिया।

भाजपा ने राहुल गांधी जलाया पुतला, बोले मांफी मांगे राहुलमीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। लोकसभा में अपने भाषण के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि जो हिंदू की बाते करते है वह 24 घंटे के अंदर हिंसा करते है वह हिदूं नहीं हो सकते है। भाजपा व आरएसएस हिंदू समाज नहीं है। हिंदू हिंसा नहीं करता है और ना ही उसके सहित किसी अन्य धर्म में हिंसा को स्वीकार किया गया गया है। लोक सभा में इस बयान के बाद भाजपा राहुल गांधी को हिंदू की भावना आहत्त करने की बात कह कर मंगलवार को पूरे देश में राहुल गांधी का पुतला जलाकर मांफी मांगने की बात कही। इसी क्रम में सिरमौर चौराहा में भाजपा अध्यक्ष अजय सिंह पटेल के नेतृत्व में भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूका। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदू के हिंसा को लेकर जो बयान दिया है उससे पूरे देश में हिंदू आहत हुआ है। इसके लिए राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से इस बयान के लिए मांफी मांगनी चाहिए है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं हेतु ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सहायक श्रमायुक्त द्वारा जानकारी दी गई है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं मे पारदर्शिता हेतु निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवाईसी तथा योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है।

पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही की आधार ई-केवाईसी कराये जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही को योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान सहायक श्रमायुक्त द्वारा ईपीओ जारी कर डिजीटल साईन के पश्चात ही हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में प्राप्त होगा।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत करें आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 18 वर्ष से 55 वर्ष की आयु वर्ग के अशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने हेतु इकाई लागत 10 हजार से 1 लाख तक का ऋण बैकों के माध्यम से वितरीत किये जायेगें।

जिस पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एंव राशि) की शर्त पर निगम द्वारा दिया जायेगा। आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाईट पर भरे जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## सावित्रीबाई फुले स्व. सहायता समूह योजनांतर्गत आवेदन 30 जुलाई तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं विकास निगम के माध्यम से सावित्रीबाई फुले स्व. सहायता समूह योजना प्रारंभ की गई हैं।

योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं के पंजीकृत समूह में 18 से 55 वर्ष की आयु वर्ग की 10 महिलाओं का समूह गठित किया जायेगा। जिनमें स्वरोजगार के लिए बैंकों की सहायता से सहायता 20 हजार से 2 लाख तक ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

आवेदक समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे आय, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, समग्र आईडी, इत्यादि योजना से संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सतना में संपर्क कर सकते हैं।

# पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावास में प्रवेश के लिये 31 जुलाई को शाम 6 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सहायक संचालक योगेन्द्र राज से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बालक छात्रावास में 16 छात्रों को तथा कन्या छात्रावास में 100 छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है।

उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा तकनीकी संस्था प्रमुखों से छात्रावास में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं को सूचित करने की अपेक्षा की है। प्रवेश के संबंध में आवेदन छात्रावास अधीक्षक तथा कार्यालय कलेक्टर पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण कक्ष क्रमांक 15 कलेक्टर कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

# घर में बताया क्योंटी में कूद रहा हूं और दौड़ लगाकर लगा दी छलांग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** घर में युवक ने दोपहर बताया कि वह क्योटी जल प्रपात में कूदने जा रहा है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए है वह दौड़ते हुए क्योटी जल प्रपात पहुंचे जहां युवक ने देखते ही दौड़कर छलांग लगा दी। परिजन उसे रोकने पर असफल रहे है। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी है।

पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया। जहां कड़ी मशक्त के बाद मंगलवार को युवक का शव बाहर निकाला गया है। युवक की पहचान कमलेश मिश्रा पिता शत्रुधन मिश्रा निवासी लालगांव के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि दोपहर तक युवक घर में था। इसके दोपहर बाद वह क्योटी जलप्रपात पहुंच गया और वहां से फोन कर जानकारी दी। युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यो उठाया है। इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोर्स्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।

# मैहर जिले में 44 आवेदनों पर हुई सुनवाई





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती बाटड ने जिले भर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से शिकायतो पर संबंधित अधिकारी को कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसील स्तर पर की जा रही जनसुनवाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानीटरिंग भी की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, डीपीओ राजेंद्र बांगरे, सीईओ प्रतिपाल बागरी, सीएमओ लालजी ताम्रकार उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम बरहिया से दददी दहिया पिता रामसेवक दहिया द्वारा बताया गया कि मेरे निजी निवास में जबरन गीता बाई दहिया ने कब्जा कर लिया है और मुझे घर से निकाल दिया गया। इसी तरह ग्राम डेल्हा से मोती लाल कोरी ने बताया कि मेरी दुकान का विद्युत कनेक्शन का बिल असीमित आ रहा है जिसकी शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। राकेश चौरसिया सरला नगर रोड मैहर द्वारा बताया गया कि राजेंद्र प्रसाद चौरसिया द्वारा शासकीय रास्ते को बाधित करते हुए कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा है जिसको लेकर कई बार स्थानीय लोगो ने राजेंद्र प्रसाद चौरसिया से शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया है।

**ग्राम पंचायतों, अमरपाटन और रामनगर विकासखंड कार्यालयों में भी हुई जनसुनवाई:** मैहर कलेक्टर रानी वाटड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड कार्यालय एवं सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में अमरपाटन के विकासखंड कार्यालय में एसडीएम आरती यादव द्वारा आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

इसी प्रकार रामनगर के एसडीएम कार्यालय में भी एसडीएम डॉ. आरती सिंह ने विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में आये प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जनपद सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति, नायाब तहसीलदार ललित धार्वे तथा रोशन लाल रावत उपस्थित रहे। इसी प्रकार मैहर जिले की ग्राम पंचायतों में भी कलेक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रात: 11 बजे से जनसुनवाई प्रारंभ की गई। ग्राम स्तर की जनसुनवाई में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी एवं मैदानी अमले ने ग्राम वासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया।

# बिहार के पाटन से शुरू हुई चुप्पी तोड़ो यात्रा रीवा पहुंची

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बिहार के पटना से प्रारंभ पैदल चुप्पी तोड़ो यात्रा मंगलवार को रीवा पहुंची।यह यात्रा दो हजार किलोमीटर पैदल चलकर मुंबई में नीता अंबानी से मिलकर समाप्त हो गई। यात्रा के विषय में मो. शमीम ने बताया कि यह यात्रा महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानियों को लेकर जागरूक करने को लेकर है। उन्होंने बताया कि महिलाए मासिक धर्म के दौरान अक्सर यह बताते छिपाते है और किसी ने कहती है इससे उनकों काफी परेशानी होती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब महिलाए मासिक धर्म के दौरान पैड की जगह कपड़े का उपयोग करती है इससे उन्हें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हम सभी की जबावदारी बनती है कि उन्हें इस संबंध में चर्चा कर उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करें। इस दौरान महिलाओं को पैड भी वितरित कर रहे है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।